


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22
सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14, अंक - 51 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 4 दिसंबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास खबर...

### केबीसी से 25 लाख की लॉटरी लगने का दिया झांसा, इनकम टैक्स चुकाने के नाम पर ठग लिए चार लाख

**सरगुजा।** कौन बनेगा करोड़पति के नाम से जिले के एक रोजगार सहायक को कॉल आया और उससे कहा गया कि उन्हें 25 लाख रुपए की लॉटरी लगी है। केबीसी से कॉल आने पर रोजगार सहायक को भी यकीन हो गया और वह झांसे में आ गया। पूरी बात बताने के बाद कॉलर ने यह कहा कि 25 लाख पाने के लिए इनकम टैक्स के 4 लाख रुपए चुकाने होंगे। झांसे में शख्स अपने पिता के इलाज के लिए घर पर रखे चार लाख रुपए ठगों के बताए खातों में डाल दिए। इस तरह 25 लाख के लालच में शख्स ने अपने चार लाख भी गंवा दिए।

मिली जानकारी के अनुसार घटना जिले के दरिमा थाना क्षेत्र का है। यहां के ग्राम खजुरी के रहने वाले रोजगार सहायक पंकज प्रधान ने बताया कि उसे एक WhatsApp कॉल आया। इसके जरिए उसे बताया गया कि वे केबीसी से बोल रहे हैं और उन्हें 25 लाख रुपए की लॉटरी लगी है। पंकज प्रधान को यह कॉल 2 नवंबर को आया। कॉलर ने उसे बताया कि लॉटरी के पैसे पाने के लिए उसे इनकम टैक्स के चार लाख चुकाने होंगे। 25 लाख पाने के लिए पंकज प्रधान ने पहले दिन 19 हजार रुपए खाते में ऑनलाइन जमा करवा लिए। इसके बाद 30 नवंबर तक पंकज प्रधान से अलग अलग बहाने से 4 लाख रुपए पांच खातों में ट्रांसफर करवाए।

#### पिता के इलाज के लिए रखे थे रुपए

पंकज प्रधान को जब समझ आया कि उसके साथ ठगी हुई है तो उसने पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस को दी गई शिकायत में उसने बताया कि उसके पिता बीमार थे और अस्पताल में भर्ती कराने के लिए पैसों की जरूरत थी। चार लाख रुपए भी इसी के लिए रखे थे। वह पैसे भी लॉटरी के लालच में ठगों के खातों में ट्रांसफर करा दिए। पीड़ित ने बताया कि इलाज नहीं मिलने से उसके पिता की मौत भी हो गई। इधर इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है।

## भानुप्रतापपुर उपचुनाव : वोटिंग कल, रवाना हुए मतदान दल

# चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाबल तैनात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** जिले के भानुप्रतापपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए सोमवार यानी 5 दिसंबर को मतदान होना है। इसके लिए रविवार सुबह मतदान दलों की रवानगी शुरू हो गई। जिला प्रशासन ने उपचुनाव के लिए पोलिंग पार्टियों को आज सुबह 7 बजे से ही रवाना करना शुरू कर दिया। भानुप्रतापपुर उपचुनाव के लिए 256 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं और यहा के लिए 11 सौ से अधिक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मतदान के नतीजे 8 दिसंबर को आएंगे।




बता दें कांकेर के भानुप्रतापपुर का एक बड़ा हिस्सा नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। ऐसे में यहां पर मतदान हमेशा से चुनौती भरा रहा है। सोमवार को होने वाले मतदान के लिए विधानसभा क्षेत्र में कुल 256 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें से 82 मतदान केंद्र संवेदनशील हैं और 17 मतदान केंद्र अतिसंवेदनशील के दायरे में आते हैं। इसे देखते हुए पुलिस व सुरक्षाबल के जवानों को बड़ी संख्या में तैनात किया गया है।

मतदान को लेकर उप निर्वाचन अधिकारी धनंजय नेताम ने बताया कि उपचुनाव में 5 संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए हैं जहां पर केवल महिला कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा एक दिव्यांग मतदान केंद्र भी बनाया गया है जहां दिव्यांग वोटिंग कर सकेंगे। मतदान को शांतिपूर्ण तरीके से निपटाने के लिए विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्र में तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था रखी गई है।

### कांग्रेस-भाजपा में है सीधा मुकाबला

भानुप्रतापपुर में कांग्रेस व भाजपा के बीच सीधा मुकबला है। कांग्रेस विधायक व विधानसभा उपाध्यक्ष मनोज मंडावी के निधन से खाली हुई इस सीट पर कांग्रेस ने दिवंगत विधायक की पत्नी सावित्री मंडावी को अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं भाजपा ने यहां से ब्रह्मानंद नेताम को अपना प्रत्याशी बनाया है। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन शनिवार को भानुप्रतापपुर में कांग्रेस व भाजपा के दिग्गज नेताओं ने जनसंपर्क किया। कांग्रेस प्रत्याशी के लिए सीएम भूपेश बघेल, मोहन मरकाम व कवासी लकमा ने प्रचार किया है। वहीं भाजपा प्रत्याशी के लिए पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव आदि ने प्रचार किया।



# छत्तीसगढ़ को मिली वंदेभारत एक्सप्रेस, बिलासपुर से नागपुर के बीच चलेगी ट्रेन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए वंदेभारत एक्सप्रेस की मंजूरी मिल गई है। रेलवे बोर्ड ने बिलासपुर से नागपुर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने की मंजूरी दे दी है। फ्लिहाल इसकी समय सारिणी तय नहीं की गई है। संभवत: 11 दिसंबर से वंदेभारत एक्सप्रेस छत्तीसगढ़ में चलने लगेगी। बताया जा रहा है कि वंदे भारत एक्सप्रेस को बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया और नागपुर स्टॉपेज दिया जाएगा। यह गाड़ी शनिवार को छोड़ सप्ताह में 6 दिन चलाई जाएगी।

बिलासपुर जोन से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को एक वंदे भारत ट्रेन मिल गई है। बिलासपुर से नागपुर के बीच इसका रूट तय किया गया है। वर्तमान ट्रेनों में वंदेभारत एक्सप्रेस भारत में सबसे तेज चलनी वाली ट्रेन है। इस ट्रेन को रेलवे 160 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से चला रही हैं। यह ट्रेन पूरी तरह से वातानुकूलित और इसमें ऑटोमेटिक गेट लगे हैं। इस ट्रेन में सिक्योरिटी के लिहाज से सीसीटीवी भी लगाए गए हैं।

### रेलवे ने जारी की समय सारिणी

बिलासपुर से नागपुर के बीच चलने वाली इस ट्रेन के लिए रेलवे ने समय सारिणी भी घोषित कर दी है।वंदे भारत ट्रेन का बिलासपुर से निकलने के बाद रायपुर, दुर्ग, गोंदिया के बाद नागपुर पहुंचेगी। इस ट्रेन को शनिवार छोड़ कर सप्ताह में 6 दिन चलाया जाएगी। यह गाड़ी बिलासपुर से सुबह 6.45 बजे छूटकर 12.15 बजे नागपुर पहुंचेगी। वहां से 2.5 बजे दोपहर में रवाना होकर 7.35 बजे वापस बिलासपुर पहुंचेगी। संभावित टाइम टेबल के अनुसार सुबह 8.6 बजे रायपुर, 8.47 बजे दुर्ग, 10.35 बजे गोंदिया और 12.15 बजे नागपुर पहुंचेगी। इसके बाद नागपुर से दोपहर 2.05 बजे रवाना होकर 3.46 बजे गोंदिया, 5.30 बजे दुर्ग, 6.08 बजे रायपुर और 7.35 बजे बिलासपुर पहुंचेगी।

# आपने नहीं बनवाया ई-श्रम व श्रमिक कार्ड तो बनवा ले 24 जनवरी तक का है समय, वार्डों में लग रहे शिविर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** देश व प्रदेश में बड़ी संख्या में असंगठित क्षेत्र के मजदूर और श्रमिक काम करते हैं। ऐसे लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने और उनकी भलाई के लिहाज से सरकार अलग अलग तरह की योजनाएं चलाईं जा रही हैं। इसी कड़ी में मजदूरों को आर्थिक सहायता देने के लिए केंद्र सरकार ई–श्रम योजना चला रही है. इस योजना में असंगठित क्षेत्र के श्रमिक अपना ई–श्रम कार्ड बनवा कर कई तरह के सरकारी लाभ उठा सकते हैं।



इसी क्रम में छत्तीसगढ़ में श्रम विभाग के आदेशानुसार सहायक श्रमायुक्त दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा जिले के नगर पालिक निगम भिलाई में भी हितग्राहियों के लिए ई–श्रम व श्रमिक कार्ड बनाने के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कई अधिकारी व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। इन शिविरों में अभी तक कईयों के ई–श्रम व श्रमिक कार्ड बनाए जा चुके हैं और वर्तमान में निरंतर कार्ड बनाना जारी है। नगरीय निकाय क्षेत्र भिलाई में यह शिविर 28 नवंबर से शिविर की शुरूआत हुई है जो 24 जनवरी 2023 तक जारी रहेगी। जिसके लिए कब और कहा पर शिविरों का आयोजन होगा उसकी पूरी सूची जारी की गई है। हितग्राही अपने वार्ड में कब और कहां शिविर का का आयोजन हो रहा है उसकी जानकारी www.shreekanchan-path.com पर देख सकते हैं।

### महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग में तैनात 100 कर्मचारियों की छुट्टी

**देहरादून (एजेंसी)।** महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं में संविदा, आउटसोर्स एवं अन्य माध्यमों से कार्यरत कर्मचारियों की विभाग ने सेवाएं समाप्त कर दी। विभाग के उप निदेशक एसके सिंह की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि केंद्र सरकार की ओर से महिला सशक्तीकरण सुरक्षा व बचाव के लिए अंब्रेला मिशन शक्ति की शुरुआत की गई है। केंद्र ने इस संबंध में नए दिशा निर्देश जारी किए हैं। जिसे देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

# भालुओं का आतंक: मंदिर का गेट-दान पेटी तोड़ी, घर में घुसकर मचाया उत्पात, पांच घंटे बाद एक पकड़ा गया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर में एक बार फिर भालुओं ने जमकर उत्पात मचाया है। दो भालू पहले एक मंदिर में घुस गए। उन्होंने मंदिर का गेट और दान पेटी तोड़ डाली। इसके बाद अंदर भी सब सामान तहस–नहस कर दिया। शोरगुल सुनकर लोग एकत्र हुए तो दोनों भालू वहां से निकल भागे। वहीं शनिवार सुबह भी एक भालू मकान में घुस गया। करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद उसे रेस्क्यू किया जा सका। उसे जंगल में छोड़ा गया है। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और भालू को पकड़ने के लिए मकान के बाहर पिंजरा लगाया। करीब पांच घंटे तक वन विभाग की टीम जुटी रही, इसके बाद भालू पकड़ा जा सका। उसे बंद कर गांव से दूर जंगल में छोड़ने की बात कही जा रही है। ग्रामीण लकेश कुमार आरदे व अन्य ने बताया कोदागांव के जंगल और पहाड़ी पर बड़ी संख्या में भालू हैं। आए दिन बस्ती में घुसते हैं। घर में आकर घुसकर तेल, गुड़ खा जाते हैं।



### बाड़ी से भालू को भगाया तो ग्रामीण के घर में घुसा

जानकारी के मुताबिक, कोदगांव क्षेत्र में शनिवार सुबह करीब 7 बजे एक भालू ग्राम प्रमुख की बाड़ी में घुस गया। उसे देखते ही ग्रामीण वहां से भगाने के लिए एकत्र हुए, लेकिन भालु बस्ती की ओर भाग निकला। कहीं से रास्ता नहीं मिला तो ग्रामीण झाडूराम कोकिला के घर में घुस गया। भालु को घर में देख लोग जान बचाकर बाहर भागे। वहीं भालू कमरे में जाकर बैठ गया। इसके बाद ग्रामीणों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी।

### प्रसाद खा गए, दिये का तेल तक पी गए

वहीं शुक्रवार देर रात करीब 11 बजे दो भालू राजपारा बस्ती में पहुंच गए। वहां मावली मंदिर का भालुओं ने गेट तोड़ दिया। इसके बाद अंदर घुस गए और वहां भी तोड़फोड़ की। मंदिर में रखा प्रसाद का नारियल खा गए। दिये का तेल पी गए। तोड़फोड़ की आवाज सुनकर ग्रामीणों की भीड़ मंदिर के बाहर एकत्र हो गए। इसके बाद भालू वहां से निकले और पहाड़ की ओर चले गए। करीब एक घंटे तक भालु उत्पात मचाते रहे।

# पुरानी स्कूटर से बनाया ऐसा क्रेन की देखने वाले हैरान, आईपीएस दीपांशु काबरा ने शेयर किया वीडियो







श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** देशी जुगाड़ से कमाल का क्रिएशन करने में भारतियों को कोई मुकाबला नहीं है। बेकार पड़ी वस्तुओं से काम के सामान बनाने की कला भारतीय युवाओं में कूट–कूट कर भरी हुई। जुगाड़ से ऐसी–ऐसी वस्तुओं का निर्माण कर दिया जाता है जो दैनिक इस्तेमाल के लिए रामबाण साबित हो रही हैं। ऐसा ही एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। छत्तीसगढ़ के आईपीएस दीपांशु काबरा ने वीडियो शेयर कर शानदार कैप्शन भी लिखा है।

आईपीएस दीपांशु काबरा ने अपने ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट में जो वीडियो शेयर किया है उसमें एक शख्स पुराने स्कूटर से बने क्रेन का इस्तेमाल कर सीमेंट की बोरी को बहुमंजिला इमारत के छत पर पहुंचा रहे हैं। पुरानी स्कूटर के पिछले पहिए से गोल पाइप के सहारे एक मोटर फिट किया गया और इससे एक मोटी रस्सी निकाली गई जो दूसरे सिरे से इमारत के छत से होते हुए नीचे गिराया गया। इस रस्सी से सीमेंट, रेत व अन्य बिल्डिंग मटेरियल ऊपर पहुंचाया जा रहा है। पुराने स्कूटर की इस तरह की क्रिएटिविटी देखते ही बनती है।

### आंध्रप्रदेश के श्रीशैलम शहर का है यह वीडियो

यह वीडियो आंध्र प्रदेश के श्रीशैलम शहर का है। यहां के भारतीय ब्राह्मण समाज के भवन में कन्स्ट्रक्शन का काम हो रहा है। इस दौरान यहां पुरानी स्कूटर वाले क्रेन से काम लिया जा रहा है। इस स्कूटर वाले क्रेन का वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया में पोस्ट किया। छत्तीसगढ़ के आईपीएस दीपांशु काबरा ने इस वीडियो को ट्विटर पर शेयर करते हुए लिखा है कि देशी इंजीनीयर्स ने पुरानी स्कूटर को क्रेन बना दिया, जुगाड़ के मामले में भारतीयों का कोई मुकाबला नहीं। बता दें आईपीएस दीपांशु काबरा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं और समय समय पर वे कई ऐसे रोचक वीडिया शेयर करते हैं जो चर्चा का विषय बन जाते हैं।




चार माह पहले ही फेंक दी मौसमी बीमारी की सरकारी दवाइयां

कवर्धा जिला मुख्यालय से लगभग 22 किलोमीटर दूर मांदा घाट में लाखों रुपए की सरकारी दवाइयां लावारिस हालत में मिलीं. इनमें ब्रोमेक्सिन हैड्रोक्लोराइड, पैरासिटामाल, प्रोमेथजीन, मल्टी विटामिन सिरप, एरीथ्रोमाइसीन, पैरासिटामॉल के टेबलेट्स हैं. खांसी की म्यूकोलिटिक सीरप और ब्रोमेक्सिन हैड्रोक्लोराइड जैसी दवाओं को भी फेंक दिया गया है. इनमें से कुछ की अभी एक्सपायरी डेट आई नहीं है. इधर बोड़ला बीएमओ डॉ. योगेश साहू कुछ भी कहने से बच रहे हैं. क्या ही कहेंगे, उनके पास कहने को है ही क्या? सारा देश जानता है कि इक्का दुक्का राज्यों को छोड़ दें तो सरकारी अस्पताल भैंस बांधने के ही काम आते हैं. बीवी बच्चा अमीर का हो या गरीब का, वह उसका अच्छा इलाज कराना चाहता है. ऐसे अस्पताल में कौन जाएगा जहां डाक्टर के आने जाने का ठिकाना नहीं, नर्सें गुस्से में रहती हैं. संडास में नीम अंधेरा छाया रहता है. फर्श पर पैर रखो तो तलवे काले हो जाते हैं. सरकारी दवाइयां लिखने के बाद डाक्टर मरीज से कहते हैं कि अगर जल्दी ठीक होना हो तो ये दवाइयां बाहर से ले लो. आखिर कौन सर्दी खांसी जैसी मुसीबत को गले से लगाए रहना चाहेगा? बात 100–200 रुपए की हो तो वह पास की दवा दुकान से खरीद ही लेता है. डाक्टर को भी उसका कमीशन मिल जाता है. यह एक ऐसी व्यवस्था है, जिसकी सबको खबर है. पर लोग इसे च्वाइस का मामला बताते हैं. दरअसल, देश का असली गुनहगार यहां का दवा उद्योग है. यह एक इतनी बड़ी लॉबी है जिसपर हाथ डालने से स्वयं प्रधानमंत्री तक घबराते हैं. ईडी–पीडी, सीबीआई–आईटी–डीटी भी इसके आगे पानी भरते हैं. देश का दवा उद्योग आकार के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा दवा उद्योग है. दवा निर्यात करने के मामले में भी यह दुनिया के टॉप टेन देशो में शामिल है. शराब के बाद यही एक ऐसा उद्योग है जिसमें चार आने का माल 400 रुपए में बेचने की छूट है. निजी कंपनियां रोज दवाइयों को मिला–मिला कर नए मालीक्यूल तैयार कर रही हैं और रिसर्च के बहाने उसकी अनाप शनाप कीमत रख रही हैं. डाक्टरों को मोटा कमीशन देकर इन दवाओं को बाजार में खपाया जाता है. कुछ दवाइयों का तो क्लिनिकल ट्रायल तक नहीं होता. अस्पतालों में अगर इलाज का बिल लाखों में पहुंचता है तो इसका श्रेय भी दवाइयों की आसमान छूती कीमतों को जाना चाहिए. जिनका वास्ता अस्पतालों से पड़ चुका है, वो जानते हैं कि एक एक इंजेक्शन 3000 रुपए से लेकर



## संपादकीय

### एक नवजात चीते पर जब उमड़ा प्यार

इंसानों के क्या कहने? धरती पर जो सबसे खूंखार जानवर थे, उनका तो अंत किया ही, जो भोले जीव थे, उनको भी नहीं छोड़ा। एक सीधी-सादी भारी-भरकम चिड़िया हुआ करती थी, इंसान को देखते ही पास दौड़ी आती थी, पर इंसानों ने उसका नाम रख दिया डोडो, मतलब मूर्ख। क्या इंसानों के करीब रहने की तमन्ना मूर्खता है? क्या जानवरों को जीने का हक नहीं है? क्या इस धरती के ज्यादातर हिस्से जानवरों के अधिकार में नहीं थे? दरअसल, पिछली सदी में इंसानों को एहसास हुआ कि यह धरती जानवरों की भी है, पर तब तक जानवर घटने लगे थे और उन्हें सुरक्षित उद्यानों की जरूरत पड़ने लगी थी। ऐसे ही एक अमेरिकी उद्यान में वह महिला काम करती थी। वैसे तो वह महिला अपने बकरी फार्म के लिए पैसे जुटाने के वास्ते उस वाइल्ड लाइफ सफारी में काम कर रही थी, लेकिन उसे धीरे-धीरे जानवरों से लगाव होता गया। 46 साल पहले दिसंबर का ही महीना था, उस दिन एक चीते के पांच नवजात शिशुओं का टीकाकरण करना था। चार शिशु एकदम आक्रामक हो जा रहे थे, लेकिन एक मादा शिशु थी, जो मानो गोदी चढ़ने को तत्पर थी। इंसानों के प्रति उसमें न भय था, न हिचक। जब उस महिला ट्रेनर ने उसे गोद में लिया, तो दंग रह गई, वह शिशु चीता बेहद मासूमियत के साथ आ चिपकी। उसकी पूरी भाव-भंगिमा से प्रेम झलक रहा था। बाकी चार शिशुओं का टीकाकरण बहुत मुश्किल से हुआ था और वे इंसानों से दूर भाग जाना चाहते थे, पर वह मादा शिशु ऐसी थी, मानो इंसानी समाज का हिस्सा बनने के लिए ही उसका जन्म हुआ हो। महिला ट्रेनर उस पर रीझ गई, ममता उमड़ आई, ऐसा लगा कि इसे छोड़ देना या साथ न रखना कलेजे के एक टुकड़े को खो देना होगा। जंगल में बहुतेरे जानवर मिले थे, पर ऐसा किसी को न पाया था। महिला ट्रेनर ने उसे अपने पास ही रख लिया और उसे नाम दिया खय्याम। अपनी पालतू कुतिया शेसो की मदद से खय्याम को उन्होंने नया जीवन दिया, अपनत्व भरा माहौल दिया। शेसो ने मां बनकर खय्याम को पालना-पोसना शुरू किया। खय्याम परिवार की सदस्य की तरह रहने लगी। साथ खाना, उठना, बैठना, होटल, बाजार, भीड़ में जाना। लोग जान गए, किसी चीते को एकदम करीब से देखना हो, तो लॉरी मार्कर से मिलो। लॉरी और खय्याम की जोड़ी बन गई। लॉरी को कभी गुस्सा आता भी था, पर खय्याम बिल्कुल शांत हृदय थी। खय्याम ने लॉरी को अनायास प्रेरित किया कि दुनिया में चीतों को बचाने के लिए कुछ करो। खय्याम को साथ बिठाकर लॉरी ने अध्ययन शुरू किया, तो पाया कि इंसानों ने नब्बे प्रतिशत चीतों का अंत कर दिया है, कुछ हजार चीते ही दुनिया में कहीं-कहीं जंगलों में छिपे-बचे हैं। लॉरी अपने साथ खय्याम को लिए चीतों की बची हुई धरती नामीबिया, अफ्रीका गईं। खय्याम जितने शांत भाव से घर में रहती थी, उसी शांत भाव से उसने हवाई सफर तय किया। वह अफ्रीका में शिकार सीखने और वहीं रह जाने गई थी। अफ्रीका में उन दिनों चीतों को मारा जा रहा था। लॉरी खय्याम को साथ लिए जब चलती थीं, तो लोग दंग रह जाते थे। लॉरी डिस्को में भी खय्याम को साथ ले जाती थीं और खय्याम शांत चित्त संगीत, रोशनी और इंसानी चहल-पहल का आनंद लेती थी। लॉरी कोशिशों के बावजूद खय्याम को अफ्रीकी जंगलों में छोड़ न सकीं, क्या पता कोई किसी दिन खय्याम का ही शिकार कर दे। खैर, खय्याम शांत भाव से लॉरी के साथ अमेरिका लौट आई। न किसी पर गुर्राना, न किसी को तीखी नजरों से देखना, सबको अपना और इसी जमीन का वासी समझना मानो खय्याम के स्वभाव में शामिल था। लॉरी ने अपने जीवन को चीतों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। फिर वह दिन भी आया, जब खय्याम दुनिया छोड़ गई। लॉरी की प्रेरणा को और बल मिला। दुनिया में चीतों की रक्षा के लिए लॉरी ने अनेक अभियान चलाए। अनेक वन्य जीव संगठनों को सहयोग के लिए प्रेरित किया।

### राजद और लेफ्ट के नेता क्या करेंगे?

वामपंथी पार्टियों ने केरल में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का विरोध किया था। चूंकि केरल में दोनों पार्टियों के बीच आमने सामने का मुकाबला होता है और दोनों पार्टियां खुल कर एक दूसरे के खिलाफ लड़ती हैं इसलिए वहां कम्युनिस्ट पार्टियों के नेताओं के राहुल गांधी की यात्रा में शामिल होने का सवाल ही नहीं था। लेकिन आगे कम्युनिस्ट पार्टियों का क्या रुख होगा यह पता नहीं है। ध्यान रहे कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टियों के बीच अच्छा सहयोग है और पश्चिम बंगाल में दोनों ने तालमेल करके चुनाव लड़ा था। केरल में पार्टी आमतौर पर प्रकाश करात के हिसाब से चलती है लेकिन बाकी जगह सीताराम येचुरी की ताकत ज्यादा है और येचुरी के साथ राहुल गांधी के बहुत अच्छे संबंध हैं। तभी अंदाजा लगाया जा रहा है कि दो महीने और चलने वाली यात्रा में कम्युनिस्ट नेता भी शामिल हो सकते हैं।

ज्यादा संभावना यह जताई जा रही है कि अगर बिहार में कांग्रेस की सहयोगी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल यू के नेता भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होते हैं तो उनके साथ ही कम्युनिस्ट पार्टियों के नेता भी यात्रा का हिस्सा बन सकते हैं। बिहार में सीपीआई, सीपीएम और सीपीआईएमएल तीनों महागठबंधन का हिस्सा हैं। हालांकि इन तीनों पार्टियों के विधायक सरकार में शामिल नहीं हैं पर सरकार को बाहर से समर्थन दिया है। इसलिए अंदाजा लगाया जा रहा है कि महागठबंधन की पार्टियों के नेता कांग्रेस की रैली में शामिल हो सकते हैं। हालांकि अभी तक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने इस बारे में फैसला नहीं किया है। अब कांग्रेस की यात्रा उत्तर भारत के राज्य में रहेगी और कांग्रेस के नेता मान रहे हैं कि अगर राजद, जदयू और लेफ्ट के नेता यात्रा में शामिल होते हैं तो चुनाव वाले राज्यों- राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में फायदा हो सकता है।

### गलत रास्ता, गलत नतीजा

ब्रेग्जिट के हक में वोट करने वाले हर पांच में से एक व्यक्ति को अब लगता है कि उसका फैसला गलत था। तो अब उसका गलत नतीजा सामने आ रहा है। दरअसल, उन्माद हमेशा ही हानिकारक होता है। मगर इसका जब अहसास होता है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। ब्रिटेन गहरे आर्थिक संकट में है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक ब्रिटेन के सुपर बाजारों से सामान नदारद हैं। धनी देशों की संस्था ओईसीडी ने कहा है कि दुनिया के सात सबसे अमीर देशों में ब्रिटेन अकेला है, जिसकी अर्थव्यवस्था साल 2023 में और सिकुड़ जाएगी। देश की कंजरवेटिव सरकार इस समस्या को पूरी तरह रूस-यूक्रेन युद्ध का परिणाम बता रही है। जबकि विशेषज्ञों ने ध्यान दिलाया है कि अर्थव्यवस्था के कुछ खास क्षेत्रों- जैसे खाद्य वस्तुओं की कमी का सीधा संबंध ब्रेग्जिट से है। मगर चाहे पक्ष हो या विपक्ष इस बहस को हवा देने का जोखिम कोई उठाने को तैयार नहीं है। वित्त मंत्री ने नवंबर में अपने संसदीय भाषण में तमाम आर्थिक दिक्कतों और लोगों के दैनिक जीवन पर उनके असर का जिक्र करते हुए सिर्फ एक बार ब्रेग्जिट का नाम लिया। इसका नाम लेने से लेबर पार्टी के नेताओं की जुबान भी थरथराती है। दरअसल ब्रिटेन में पैदा हुए आर्थिक संकट को ब्रेग्जिट से ना जोड़ने की रणनीतिक मजबूरी के पीछे पार्टियों की अपनी मजबूरी है। अगर ये बहस दोबारा छिड़ती है तो सत्ता और विपक्ष दोनों के भीतर गुटबाजी और उथल-पुथल मचने की पूरी आशंका है। बहरहाल, आम लोगों के पास ऐसी मजबूरियां नहीं हैं, इसलिए वे इस बारे में बेहतर आत्म-निरीक्षण कर रहे हैं। सर्वे एजेंसी- यूगॉव के ताजा सर्वेक्षण के मुताबिक ब्रेग्जिट के हक में वोट करने वाले हर पांच में से एक व्यक्ति को अब लगता है कि उसका फैसला गलत था। तो अब उसका गलत नतीजा सामने आ रहा है। करीब दो साल पहले यूरोपीय संघ से विदाई के समय ही आशंका जाहिर की गई थी कि ब्रिटेन खाद्य संकट के दौर में प्रवेश कर रहा है। लेकिन उग्र राष्ट्रवादी भावनाएं उफान पर थीं। ऐसे उन्माद हमेशा ही अपने लिए हानिकारक होते हैं। ये दीगर बात है कि उनका परिणाम आने में देर लगता है और तब तक असल में बहुत देर हो चुकी होती है।

> चुनाव अब लोकतंत्र के उत्सव के बजाय धूम-धड़ाके भरे 'इवेंट' में तब्दील होते जा रहे हैं। क्या किसी ने कभी सोचा था कि दिल्ली नगर निगम का चुनाव राष्ट्रीय टेलीविजन चैनलों की सुर्खियां बनेगा? इस बार भाजपा और आप, दोनों ने वहां पर जिस तरह अपनी समूची शक्ति, ऊर्जा और संसाधन झोंके हैं, उससे भारतीय राजनीति के बदलते हुए प्रतिमानों का पता चलता है।

# चुनावी विरोधाभासों की चुनौती

शशि शेखर


देश की राजनीति में जरा-सी भी रुचि रखने वाले हर शख्स को 8 दिसंबर का बेकरारी से इंतजार है। आप समझ गए होंगे कि मैं गुजरात और हिमाचल के चुनाव परिणामों की बात कर रहा हूं। चुनाव हुए हैं, तो यकीनन कोई एक जीतेगा और अन्य हार जाएंगे, पर लोकतंत्र में मतदान सिर्फ हार-जीत के लिए नहीं किए जाते। इन्हें सरकारों और सियासी शक्तियों के रिपोर्ट कार्ड की भूमिका निभानी चाहिए। अफसोस, ऐसा नहीं हो रहा। हर चुनाव की भांति इस बार भी शाब्दिक गाली-गलौज ने सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों को पार्श्व में धकेल दिया। इन दोनों राज्यों में बेरोजगारी, महंगाई और बदहाली सबसे बड़े 'दुख' की तरह उभरकर सामने आई थीं।

'सी-वोटर' ने नवंबर मध्य के एक सर्वे में पाया था कि गुजरात में बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है। करीब 38 फीसदी लोगों ने इसे, तो चार प्रतिशत लोगों ने महंगाई को मुख्य मुद्दा बताया था। इस प्रदेश के 18 फीसदी लोग बुनियादी सुविधाओं को, तो 13 प्रतिशत किसानों के मुद्दे को सबसे अहम मुद्दा मानते हैं। हालांकि, सीएमआईई के मुताबिक, देश के जिन राज्यों में सबसे कम बेरोजगारी है, उनमें से एक गुजरात भी है। यहां अक्तूबर में बेरोजगारी 1.7 फीसदी थी, जबकि राष्ट्रीय औसत लगभग आठ प्रतिशत है।

इसी तरह, हिमाचल में चार शिक्षण संस्थानों ने एक हालिया सर्वेक्षण में पाया कि 39.1 प्रतिशत लोगों के लिए बेरोजगारी, तो 35.2 फीसदी लोगों के लिए महंगाई सबसे बड़ा मुद्दा है। होना तो यह चाहिए था कि दोनों राज्यों में बेरोजगारी के मुद्दे पर जय-पराजय का फैसला होता, लेकिन ऐसा होने नहीं जा रहा है। इन मुद्दों की चुनावी नक्कारखाने में तूती की भी हैसियत नहीं बन सकी, पर हताश न हों। भारतीय लोकतंत्र अपने विरोधाभासों के साथ ही पनपता-पसरता आया है।

जरा इस परस्पर विपरीत तथ्य पर नजर डालें। एक ओर, बेरोजगारी और उससे जनित बदहाली का आलम है, तो दूसरी तरफ, हमारे ज्यादातर जन-प्रतिनिधि धनी-मानी तबके से आते हैं। 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) ने अपनी ताजा रपट में दावा किया है कि गुजरात विधानसभा का चुनाव लड़ने वाले 1,621 उम्मीदवारों में से 456, यानी लगभग 28 प्रतिशत करोड़पति हैं। इनमें भाजपा के जयंती पटेल अव्वल नंबर पर हैं। भाजपा ने सर्वाधिक 154 करोड़पति उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने 142 और आम आदमी पार्टी ने 68 करोड़पति प्रत्याशियों को टिकट दिया है। गुजरात के चुनावी रण में जूझ रहे उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 2.56 करोड़ रुपये है। यहां यह जान लेने में हर्ज नहीं कि करोड़पतियों की इस फौज में एक दर्जन उम्मीदवार ऐसे भी हैं, जिन्होंने अपनी आमदनी शून्य से दस हजार रुपये तक बताई है। इनमें से एक भी विधानसभा में दाखिल होने का सामर्थ्य हासिल कर ले, तो आश्चर्य होगा।

अब दूसरे विरोधाभास की चर्चा। भारत में संसार के सर्वाधिक नौजवान रहते हैं। हम जानते हैं कि हमारी लगभग 70 प्रतिशत आबादी की उम्र 35 वर्ष या उससे कम है। इसी तरह, सर्वाधिक ग्रेजुएट भी भारत-भूमि पर ही पाए जाते हैं, मगर आम गुजरातियों की नुमाइंदगी की हसरत पालने वाले उम्मीदवारों में 1,124, यानी आधे से अधिकने 12वीं से आगे की पढ़ाई नहीं की है। इनमें से सौ से अधिक तो ऐसे हैं, जिन्होंने खुद को निरक्षर या महज साक्षर बताया है। सिर्फ 449 प्रत्याशी ऐसे हैं, जिनके पास स्नातक की डिग्री है। इसी तरह, उम्र की बात करें, तो आधे से अधिक 40 से 80 साल के बीच के हैं। दो उम्मीदवार ऐसे भी हैं, जिन्होंने अपनी वय 80 वर्ष से अधिक दर्ज कराई है। मतलब साफ है, सरकार किसी की भी बने, उसमें युवाओं, पेशेवरों और जरूरतमंदों का प्रतिनिधित्व आबादी के अनुपात में नहीं होगा।



अक्सर हम अपने नेताओं पर लोगों को भरमाने का आरोप लगाकर चुप बैठे रहते हैं। सवाल उठता है कि सर्वाधिक युवा शक्ति और स्नातक रखने वाला यह देश किसी के भरमाने या भड़काने में आता क्यों है? इस विडंबना से जूझने के लिए कई बार सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक शख्सियतों ने प्रयास किए, परंतु वे सफल नहीं हो सके। जो लोग वैकल्पिक राजनीति की वकालत करते हुए यह सोचकर सियासत में आए थे कि दूषित राजनीति को सिर्फ राजनीति के जरिये बदला जा सकता है, उन्हें भी लोक-लुभावने उपाय अपनाने पड़ गए। कोई मुफ्त बिजली-पानी देता है, तो कोई नाममात्र की राशि पर भोजन उपलब्ध करवाता है। यही वजह है कि चुनाव-दर-चुनाव हम असली मुद्दों को और पीछे धकियाए जाते देखते हैं।

कोई अचरज नहीं कि चुनाव अब लोकतंत्र के उत्सव के बजाय धूम-धड़ाके भरे 'इवेंट' में तब्दील होते जा रहे हैं। क्या किसी ने कभी सोचा था कि दिल्ली नगर निगम का चुनाव राष्ट्रीय टेलीविजन चैनलों की सुर्खियां बनेगा? इस बार भाजपा और आप, दोनों ने वहां पर जिस तरह अपनी समूची शक्ति, ऊर्जा और संसाधन झोंके हैं, उससे भारतीय राजनीति के बदलते हुए प्रतिमानों का पता चलता है। अब हर चुनाव जैसे अगले चुनाव के लिए अगली सीढ़ी तैयार करता चलता है।

हिमाचल को छोड़ दें, तो गुजरात और दिल्ली नगर निगम में जैसे कांग्रेस चुनाव लड़ती ही नहीं दीख रही। हमें यही रुझान यूपी के उप-चुनावों में देखने को मिल रहा है। लोग सपा-भाजपा, अखिलेश यादव-डिंपल यादव और योगी आदित्यनाथ व आजम खान की बात कर रहे हैं, कांग्रेस या किसी गांधी की नहीं। कांग्रेस ने वहां खुद को चुनावी जंग से अलग रखा। क्यों? यह रणनीति है या रण छोड़ देने का एक और नमूना? भारतीय चुनाव-शास्त्र का अलिखित नियम है कि ज्यादा शोर-शराबा मचाने वाले दोलायमान मतदाताओं को आकर्षित करने में कामयाब रहते हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री इस तथ्य से बखूबी वाकिफ हैं। गुजरी 26 नवंबर को आम आदमी पार्टी के दसवें स्थापना दिवस पर उन्होंने ट्वीट किया था- 'बहुत जल्द एक और जीत के साथ आप राष्ट्रीय पार्टी बनने जा रही है।

अगले दिन, यानी 27 नवंबर की देर शाम जिला परिषद चुनावों ने आम आदमी पार्टी की हरियाणा में बढ़ती धमक की तस्दीक की। राज्य में जिला परिषद के लिए 411 सीटों पर चुनाव हुए, जिनमें से 102 सीटों पर भाजपा चुनाव लड़ी, मगर महज 22 सीटें जीत सकी, वहीं आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार 100 सीटों पर लड़े और 15 पर कामयाब रहे। इंडियन नेशनल लोकदल ने भी 14 सीटें जीतीं। कांग्रेस और जजपा के लोगों ने पार्टी सिंबल पर चुनाव नहीं लड़ा था। 350 से ज्यादा निर्दलीयों ने जीत दर्ज की है। इनमें से कांग्रेस की विचारधारा को पोसने वाले कितने हैं? बताने की जरूरत नहीं कि कांग्रेस हरियाणा में लगातार दो बार सरकार बनाने से चूकी है। अगर आप ने उसके सियासी विमर्श को भी हथिया लिया तो? इस प्रश्न का उत्तर 7 और 8 दिसंबर को मिल जाएगा। 7 दिसंबर को दिल्ली नगर निगम के नतीजे आने हैं।

भाजपा, आप और कांग्रेस की इस चुनावी जंग का परिणाम कुछ भी हो, पर यह समर तब तक शेष रहेगा, जब तक लोक पर तंत्र हावी रहेगा। दुनिया में सबसे बड़े लोकतंत्र को सबसे अच्छा लोकतंत्र बनने के लिए अभी लंबा सफर तय करना है।

# शासकीय योजनाओं से निःशक्त जनों के सपनों को मिले पंख

### मजबूत इरादों ने दी शारीरिक कमजोरी को मात

### उभयलिंगी वर्ग के व्यक्तियों को मिलेगा पहचान पत्र के साथ योजनाओं का लाभ




जब इरादे मजबूत हो तो शारीरिक अक्षमता को भी हार मानना पड़ता है। आज ऐसे लोग भी है जो अपनी दिव्यांगता को कमजोरी न मान, जिंदगी में आगे बढ़ कुछ करने की कोशिश करते है और इस कोशिश में शासन की योजनाएं भी दिव्यांग जनों की सपनों में उड़ान भरने का कार्य कर रही है। आज शासन की विभिन्न योजनाएं है, जिसके माध्यम से नि:शक्त लोगों को एक सामान्य जिंदगी जीने में सहायता के लिए सहायक उपकरण से लेकर अपने आप को आर्थिक रुप से सशक्त बनने की चाह रखने वालों को आर्थिक सहायता भी प्रदान की जा रही है। जिससे दिव्यांगजन आज समाज में समान और सम्मान के साथ जीवन यापन कर रहे है।

ग्राम चिखली निवासी दिव्यांग निराकार साव बताते है कि एम.कॉम तक की पढ़ाई के पश्चात कुछ करना चाहते थे, लेकिन आर्थिक स्थिति ने साथ नही दिया। लिहाजा शासन द्वारा संचालित विभागीय योजना का लाभ मिला। जिससे उन्हे कपड़ा दुकान संचालित करने के लिए 2 लाख 70 हजार की राशि का लोन प्राप्त हुआ। आज वे स्वयं का तरुण ड्रेसेस नाम से कपड़ा दुकान संचालित कर आर्थिक रूप से सशक्त हो चुके है। ग्राम-बोईरडीह की कु.जयंती साहू ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा उन्हें पिकअप मालवाहन खरीदने के लिए योजना अंतर्गत 5 लाख 44 हजार रुपये राशि प्राप्त हुआ। वाहन उसके भाई द्वारा चलाया जा रहा है, पहले रोजी मजदूरी करते थे, अब स्वयं का वाहन होने से अच्छी कमाई हो जाती है। जिससे परिवार का भरण पोषण में आसानी हो रही है। इसी प्रकार ग्राम-भिखारीमाल के विजय प्रधान ने भी योजना का लाभ लेते हुए योजनान्तर्गत 4 लाख 50 हजार रुपये लोन प्राप्त कर चारपहिया वाहन लेकर स्वयं के मालिक बने।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजन समान अवसर समान भागीदारी की भावना के अनुरूप दिव्यांगजनों के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित किये जाने हेतु प्रतिवर्ष 3 दिसम्बर को अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन किया जाता है। समाज कल्याण विभाग सभी श्रेणी के दिव्यांगजनों जैसे अस्थि बाधित, दृष्टि बाधित, मूक बधिर, मानसिक मंदता एवं बहु दिव्यांगता सहित 21 श्रेणियों के दिव्यांगजनों के लिए विविध विभागीय योजनाओं के माध्यम से बाधारहित जीवन स्तर के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुये लाभान्वित किया जा रहा है। जिसमें समाज कल्याण विभाग द्वारा कमजोर वर्ग जैसे दिव्यांग, वृद्ध, निराश्रित, विधवा, भिक्षुक एवं तृतीय लिंग वर्ग हेतु योजनाएं संचालित की जा रही है। इनमें दिव्यांगजन विशेष पहचान पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना, दिव्यांग छात्रवृत्ति योजना, क्षितिज अपार संभावनाएं, स्वरोजगार हेतु ऋण सहायता, दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना, कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण प्रदाय योजना, दिव्यांग बच्चों का शैक्षिक पुनर्वास, सुगम्य भारत अभियान, विभागीय मान्यता एवं अनुदान प्राप्त अशासकीय संस्था संचालित करने हेतु योजनाएं संचालित की जा रही है।

शासन के योजनान्तर्गत दिव्यांगजन विशेष पहचान पत्र योजना के तहत जिले के चिन्हांकित 21 हजार 290 दिव्यांगजनों को जिला मेडिकल बोर्ड के माध्यम से प्रमाणीकरण कर दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड जारी किया गया है। साथ ही जिले में 14 हजार 661 पंजीकृत दिव्यांगजनों को विशिष्ट पहचान पत्र जारी किये गए है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 49 हजार 743 दिव्यांगजनों को प्रतिमाह पेंशन राशि के रूप में आर्थिक रूप से लाभान्वित किया जा रहा है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना अंतर्गत जिले के 1652 गंभीर दिव्यांगजनों को प्रतिमाह केन्द्र एवं राज्य से प्राप्त सहायता राशि से लाभान्वित किया जा रहा है। दिव्यांग छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत अध्ययनरत् दिव्यांग छात्रों को प्रोत्साहित करने हेतु संचालित योजना दिव्यांग छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 528 दिव्यांगजनों को लाभान्वित किया जा चुका है। क्षितिज अपार संभावनाएं अंतर्गत जिले के दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड की वार्षिक परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले एवं उच्च शिक्षा में अध्ययनरत 30 दिव्यांग छात्रों को गत एक वर्ष में प्रोत्साहन राशि प्रदाय कर लाभान्वित किया गया है। इसी प्रकार सिविल सेवा की प्रतियोगी परीक्षा में उत्तीर्ण दिव्यांगजनों को योजना के अंतर्गत 04 दिव्यांगजनों को लाभान्वित किया गया है। स्वरोजगार हेतु ऋण सहायता योजना से 192 दिव्यांगजनों को स्व-रोजगार इकाई की स्थापना हेतु छत्तीसगढ़ वित्त एवं विकास निगम रायपुर के माध्यम से 5 करोड़ 98 लाख 9 हजार 628 रूपये राशि वितरित कर ऋण सहायता उपलब्ध करायी गयी है।

दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत दिव्यांगजनों को वैवाहिक बंधन में आबद्ध होने पर विभाग द्वारा प्रति दिव्यांग 50 हजार रूपये की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि प्रदाय कर लाभान्वित किया जा रहा है। इसी प्रकार कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण प्रदाय योजना अंतर्गत इस वित्तीय वर्ष में अब तक 413 से अधिक दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदाय किये गये है। दिव्यांग बच्चों का शैक्षिक पुनर्वास के तहत दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़े रखने के लिये विभाग द्वारा विभिन्न विशेष विद्यालयों का संचालन विभागीय मान्यता प्राप्त संस्थाओं के समन्वय से कर रहा है। जिले में समाज कल्याण विभाग से संबद्ध 332 दिव्यांग छात्रों को विशेष शिक्षा से लाभान्वित किया जा रहा है। सुगम्य भारत अभियान अंतर्गत दिव्यांगजनों को शासकीय कार्यलयों में आने जाने में होने वाली दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए उनके अनुकूल भवनों को बाधारहित किया जा रहा है। दिव्यांगजनों के लिए संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अंतिम दिव्यांगजनों तक पहुंच सुनिश्चित करने हेतु विभाग स्वयंसेवी संस्थाओं को विभागीय मान्यता एवं अनुदान प्रदाय करता है। जिले में 06 अशासकीय संस्थाओं को मान्यता देकर अनुदान प्रदाय किया जा रहा है।

### उभयलिंगी वर्ग के व्यक्तियों को जारी किया जा रहा पहचान पत्र, मिलेगी योजनाओं का लाभ

शासन द्वारा उभयलिंगी व्यक्तियों के अधिकारों का संरक्षण एवं अवसर की समानता के लिए अब समाज कल्याण विभाग द्वारा पहचान प्रमाण पत्र जारी कर उन्हें शिक्षा, कौशल विकास एवं अन्य योजनाओं से लाभान्वित करने जा रहा है। उभयलिंगी व्यक्तियों के लिए नियमित राष्ट्रीय पोर्टल के माध्यम से 14 उभयलिंगी व्यक्तियों को प्रमाण पत्र जारी किया जा चुका है। आगामी समय में इस वर्ग के व्यक्तियों के स्वावलंबन एवं पुनर्वास के लिए गरिमा गृह का संचालन किया जायेगा।

### दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों के लिए हेल्पलाईन नंबर जारी

समाज कल्याण विभाग द्वारा राज्य में दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों और उभयलिंगी व्यक्तियों के कल्याणार्थ पुनर्वास हेतु विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों और उभयलिंगी के लिए उनकी आवश्यकता के अनुरूप आपातकालीन सेवाएं, संसाधन उपलब्ध कराने, शिकायतों तथा विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु हेल्पलाईन नम्बर 155326 एवं टोल फ्री नम्बर 1800-233-8989 का संचालन किया जा रहा है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

ADMISSION OPEN
COMMERCE GURU
12th CLASS
REGULAR STUDENT
GET CLASS 11th SYLLABUS CLASSES for FREE
APPLY NOW
www.commerceguru.in @commerceguru
commerceguru2011@gmail.com
35,Gourav Path, Sundar Nagar,Bhilai
+91 9644454810
+91 8103338634

# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



# आरोहण बीपीओ सेन्टर से युवाओं को अपने सपनों को पूरा करने के लिए मिला नया क्षितिज

श्रीकंचनपथ न्यूज



**राजनांदगांव।** आरोहण बीपीओ सेन्टर से युवाओं को अपने सपनों को पूरा करने के लिए नया क्षितिज मिला है और उनके जीवन को दिशा मिली है। युवाओं के लिए शासन का यह संस्थान एक दस्तक है, उम्मीद और रौशन की। यहां इन युवाओं के कार्य के प्रति लगन, जज्बा और ऊर्जा देखकर सुप्रसिद्ध शायर बशीर बद्र की यह पंक्तियां प्रासंगिक लगती हैं - यही अंदाज है मेरा समंदर फतह करने का मेरे कागज की कश्ती में कई जुगनू भी होते है... राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम टेड़ेसरा स्थित आरोहण बीपीओ सेंटर में अभी वर्तमान में 1400 युवा कार्य कर रहे हैं और उन्हें रोजगार का एक अच्छा अवसर प्राप्त हुआ है।

यहां राजनांदगांव के अलावा धमतरी, बिलासपुर, महासमुंद, दुर्ग, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी सहित अन्य जिलों के युवाओं को भी रोजगार प्राप्त हुआ है। जिला प्रशासन द्वारा यहां कार्यरत टेक्नोटास्क कंपनी के माध्यम से समन्वय करते हुए कार्य किया जा रहा है। इस बीपीओ सेंटर के माध्यम से स्थानीय युवाओं को कार्य करने का अवसर मिला है, वहीं उनकी क्षमता का भी विकास हुआ है। कलेक्टर डोमन सिंह आरोहण बीपीओ सेंटर के संचालन के लिए लगातार मार्गदर्शन दे रहे हैं। उन्होंने यहां सीटों की संख्या में बढ़ाकर 2000 करने के निर्देश दिए हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा युवा लाभान्वित हो सकें। ई-जिला प्रबंधक सौरभ मिश्रा ने बताया कि बीपीओ का संचालन 24 3 7 करने का लक्ष्य रखा गया है। बीपीओ के तहत विभिन्न शासकीय विभागों के अंतर्गत हितग्राही मूलक कार्यों का संपादन किया जाना भी प्रस्तावित है।

आरोहण बीपीओ सेंटर में कार्यरत छाया सोनी ने बताया कि पिताजी की तबीयत ठीक नहीं होने के कारण घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। यहां कार्य करने के बाद वेतन मिलने के साथ ही आत्मविश्वास में वृद्धि हुई और कौशल विकास हुआ। राजनांदगांव की वीना पंजवानी ने बताया कि वे पढ़ाई करते हुए यहां कार्य कर रही हैं तथा वे अपने पिताजी की आर्थिक मद्द करना चाहती थी। यहां आने से ज्ञान एवं कौशल का विस्तार हुआ। साथ ही प्रमोशन मिलने से प्रोत्साहन मिला। सुरेश कुमार ने बताया कि दल्ली राजहरा में लॉकडाउन के दौरान उनका खुद का व्यवसाय बंद हो गया। आरोहण बीपीओ सेंटर की जानकारी मिलने पर वे यहां चले आए, जहां न उन्हें बल्कि उनकी दोनों बेटियों को भी रोजगार मिल गया। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनी और उन्हें संबंल मिला है।

टेड़ेसरा की श्रीश्रीमती सविता वर्मा ने बताया कि बचपन में दुर्घटना होने की वजह से उनका एक हाथ प्रभावित है। उन पर दो बच्चों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी है। यहां रोजगार मिलने से उन्हें मदद मिली है और वे अपने बच्चों को अच्छी तरह पढ़ा रही है। एचआर लीडर रचिता ने बताया कि यहां कार्य करने का बहुत अच्छा माहौल है। व्यक्तित्व विकास के साथ ही यहां कौशल विकास होने से कार्य का स्तर और भी अच्छा रहता है। यहां के सीनियर साईट हेड विकास पाण्डेय, एडमिन कौशल सिन्हा एवं पूरी टीम कुशलता एवं दक्षतापूर्वक कार्य कर रही है।

# राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के लिए 16 बाल वैज्ञानिकों का चयन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। विज्ञान एंव प्रौद्योगिकीछत्तीसगढ़ के बाल वैज्ञानिक अहमदाबाद जाएंगे और वहां आयोजित राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में हिस्सा लेंगे। राजधानी रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में इन बच्चों को चयन किया गया है। छत्तीसगढ़ विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी परिषद् द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय आयोजन के समापन पर बाल वैज्ञानिकों के नाम की घोषणा की गई है।



राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी के महानिदेशक डॉ. एस. कर्मकार, ने कहा कि यह आयोजन बच्चों में उनकी रचनात्मकता एवं नवाचार सोच को परिणाम तक पहुंचने में मद्द करता है। हमें बच्चों को अनुसंधान के क्षेत्र में अग्रसर होने के लिए हमेशा प्रेरित और प्रोत्साहित करना चाहिए। पं. रविशंकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के. एल. वर्मा ने कहा बच्चों में वैज्ञानिक रूचि विकसित करने के लिए यह आयोजन सराहनीय है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस एक से तीन दिसम्बर तक पारिस्थितिक तंत्र, स्वास्थ्य और कल्याण के थीम पर आयोजित की गई इस आयोजन में बाल वैज्ञानिको द्वारा अनेक नवाचार और शोधकार्य प्रस्तुत किए गए । गौरतलब है कि 26 जिलों से कुल 1305 परियोजनाएं में से राज्य स्तर पर 130 परियोजनाओं का ऑफलाईन एंव वर्चुअल मोड में प्रस्तुत किया गया। जिसमें से राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में भाग लेने के लिए 16 परियोजनाओं को चयन किया गया। अहमदाबाद में आयोजित राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में छत्तीसगढ़ राज्य से शामिल होने वाले बाल वैज्ञानिक में इस प्रकार है वैज्ञानिकों में प्रियांश भादुड़ी, नंदिता केवट, रूपशिखा साहू, दिशा साहू, प्रियांशु पटेल, राधिका कंवर, भूमिका जोशी, अन्विका गुप्ता, कोरम सैमुअल, महेश्वर साहू, जाह्नवी ठाकुर, किरण कंवर, खुशी झा, मनोहर बघेल, राधिका, एवं अनन्या सिंह, शामिल है।

## खास खबर

# विश्व दिव्यांग दिवस पर बीआरसी खरसिया में हुआ विविध कार्यक्रम


**रायगढ़।** विश्व दिव्यांग दिवस पर बीआरसी कार्यालय खरसिया में विश्व दिव्यांग दिवस का आयोजन किया गया। विकासखंड खरसिया के विभिन्न शालाओं में अध्ययनरत दिव्यांग छात्र छात्राओं ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भाग लिए। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के खेलकूद एवं स्पर्धा का आयोजन विकासखंड स्रोत केंद्र खरसिया में किया गया। बच्चों ने लंबी कूद, जलेबी दौड़, मटकी फोड़, कुर्सी दौड़, रंगोली प्रतियोगिता, गुलदस्ता बनाना, मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लिए। इस प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित करने से दिव्यांग छात्र काफी उत्साहित नजर आए। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता में विजयी एवं सम्मिलित सभी दिव्यांग छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर विकासखंड स्रोत समन्वयक प्रदीप साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि आमतौर पर दिव्यांगों को लेकर लोग दया या हीन भाव रखते हैं लोगों को लगता है कि यदि कोई व्यक्ति दिव्यांग है तो इसका मतलब है कि वह निश्चित तौर पर दूसरों पर बोझ बना रहेगा, जो सही नहीं है, थोड़े से प्रयास से दिव्यांग व्यक्ति भी सामान्य जीवन जी सकते हैं। लोगों में इसी सोच को लेकर जागरूकता फैलाने, दुनिया भर में दिव्यांगजनों के अक्षमता से जुड़े मुद्दों की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने तथा उनके उचित आर्थिक व सामाजिक विकास के लिए प्रयास करने के उद्देश्य से हर साल 3 दिसंबर को दुनिया भर में विश्व विकलांग दिवस या विश्व दिव्यांग दिवस मनाया जाता है।विकास खंड शिक्षा अधिकारी एलएन पटेल के द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर सभी छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया एवं उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि इरादे मजबूत हो तो शारीरिक अक्षमता को भी हार मानना पड़ता है, आज ऐसे लोग भी है जो अपनी दिव्यांगता को कमजोरी न मान, जिंदगी में आगे बढ़ कुछ करने की कोशिश करते है ।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल

# केवई नदी को लिंक नहर के जरिए हसिया और हसदेव नदी से जोड़ने की कवायद

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले की बारहमासी केवई नदी को लिंक नहर के जरिए हंसिया नदी से जोड़कर हसदेव नदी में पानी लाने की कवायद जिला प्रशासन द्वारा शुरू कर दी गई है। केवई नदी में बने स्टाप डेम कम रपटा के समीप से 17.50 किलोमीटर लम्बी लिंक नहर निर्मित कर हंसिया नदी से जोड़ने के लिए सर्वेक्षण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।



इस लिंक नहर के बन जाने से गर्मी के मौसम में मृतप्राय हो जाने वाली हंसिया नदी न सिर्फ जीवित हो उठेगी, बल्कि जलीय जीवों के संरक्षण से इको सिस्टम, भू-जल संवर्धन की स्थिति को बेहतर करने के साथ ही इससे पानी लिफ्टकर किसान सिंचाई भी कर सकेंगे।

हसदेव की सहायक नदी हंसिया नदी अपने उद्गम स्थल ग्राम घुटरा के पहाड़ियों से निकलने के बाद लगभग 30-31 किलोमीटर प्रवाहित होने के बाद अंतत मनेन्द्रगढ़ के पास हसदेव नदी में मिल जाती है। लिंक नहर के निर्माण के बाद केवई नदी में बारहों महीना प्रवाहित जल, हंसिया नदी से होते हुए हसदेव नदी में सहजता से लाया जा सकेगा, जिससे मनेन्द्रगढ़ नगर में हसदेव नदी से पेयजल की आपूर्ति में भी आसानी होगी।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के भेंट-मुलाकात एवं जिला उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में पेयजल, सिंचाई और निस्तार की सुविधा के विस्तार के लिए हरसंभव प्रयास किए जाने का भरोसा दिलाया था। मुख्यमंत्री ने सदानीरा केवई नदी के जल का बेहतर प्रबंधन के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देश के परिपालन में केवई नदी को लिंक नहर के माध्यम से हसिया नदी से जोड़कर उसके जरिए हसदेव नदी में पानी लाने की पहल शुरू की गई है। कलेक्टर श्री पी.एस. ध्रुव ने जल संसाधन, राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारियों के साथ कल केवई नदी में बने स्टाप डेम कम रपटा स्थल से लेकर लगभग 4 किलोमीटर पैदल भ्रमणकर प्रस्तावित लिंक नहर के लिए मौका-मुआयना किया। कलेक्टर पी.एस. ध्रुव ने बताया कि केवई नदी मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भतरपुर जिले की ग्राम बैरागी के पास पहाड़ियों से निकलती है। यह नदी ग्राम शिवगढ़, ताराबहरा, डांडहंसवाही, बिछियाटोला में लगभग 36 किलोमीटर प्रवाहित होते हुए, अनुपपुर जिले के ग्राम छतई में मध्य प्रदेश में प्रवेश करती है। केवई नदी के पानी का लाभ जिले के किसानों व ग्रामवासियों को अधिक नहीं मिल पाता है। इसलिए इसको ग्राम ताराबहरा के समीप, पूर्व से निर्मित स्टाप डैम कम रपटा से लिंक नहर द्वारा हंसिया नदी के कैचमेंट एरिया के ग्राम रतौरा के रिवाइंस पर जोड़ा जाना है। उन्होंने बताया कि केवई नदी के 45 वर्ग किलो मीटर कैचमेंट एरिया का 15-20 क्यूसेक पानी एवं बारहमासी प्रवाह का 1-2 क्यूसेक पानी मध्यप्रदेश में चला जाता है। इस पानी का उपयोग जिले में सिंचाई और निस्तार के लिए हो सके, इसके लिए केवई नदी के पानी को डायवर्ट करने के लिए लिंक नहर का निर्माण किया जाएगा। हसदेव की सहायक हंसिया नदी ग्राम घुटरा के फटपानी के पास की पहाड़ियों से निकलती है। इस नदी पर ग्राम साल्ही में कर्मघोंघा वाटर फाल है। यह ग्राम पेंड्री, साल्ही, डोमनापारा, लालपुर होते हुए लगभग 30.60 किलोमीटर प्रवाह के बाद मनेन्द्रगढ़ में हसदेव नदी में मिल जाती है। केवई नदी का पानी हंसिया नदी में लाने के लिए ग्राम रतौरा के रिवाईन्स में डालने के लिए लगभग 17.50 किलो मीटर नहर निर्माण करने की आवश्यकता होगी। इस लिंक नहर के बनने से जिले के किसानों को लगभग 430 हेक्टेयर सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। हंसिया नदी में लगभग 30 किलोमीटर तक बारह महीने जल प्रवाह बना रहेगा।

कलेक्टर ने बताया कि मनेन्द्रगढ़, जिला मुख्यालय होने के कारण यहां की आबादी में तेजी से वृद्धि एवं पानी की आवश्यकता को देखते हुए हसदेव नदी में पर्याप्त जल उपलब्धता सुनिश्चित करना होगा। वर्तमान में मनेन्द्रगढ़ नगर में पानी की आपूर्ति हसदेव नदी से होती है, परन्तु मार्च महीने के बाद हसदेव नदी में पानी की कमी होने लगती है। लिंक नहर के और हंसिया नदी के माध्यम से केवई नदी का पानी हंसदेव नदी में लाकर इस समस्या का निदान किया जा सकता है।

# जिला स्तरीय खेलकूद, सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर चांपा।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की अध्यक्षता में आज अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर लाइवलीहुड कॉलेज जांजगीर के सामने खेल मैदान में जिला स्तरीय खेलकूद, सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन समाज कल्याण एवं समग्र शिक्षा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर श्री सिन्हा ने छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया । कार्यक्रम में 100 मीटर की दौड़, ट्राई सायकल रेस प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में दिव्यांग बच्चों ने हिस्सा लिया।

इस दौरान कलेक्टर ने 100 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। उन्होंने दिव्यांग बच्चों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के बीच में बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु गीतेश कौशिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शामिल हुए। इस कार्यक्रम में कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, जिला शिक्षा अधिकारी एच.आर. सोम, समाज कल्याण विभाग उपसंचालक टी.पी. भावे एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्य सुश्री शशिकांता राठौर, विशिष्ट अतिथि रामविलास राठौर, भगवानदास गढ़वाल, रामकिशन गोपाल, आदि उपस्थित थे। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने दिव्यांगजन खिलाड़ियों को उनकी खेल प्रतिभा के लिए सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि दिव्यांगजनों को विभिन सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक अधिकार दिलाने एवं उन्हें समाज की मुख्य धारा में शामिल करके गरिमापूर्ण जीवन जीने का अवसर प्रदान करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रतिवर्ष 3 दिसंबर को विश्व दिव्यांग दिवस मनाया जाता है।

# कमिश्नर एवं आईजी ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** बस्तर संभाग के कमिश्नर श्याम धावड़े एवं पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी. ने आज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-80 भानुप्रतापपुर (अजजा) के उप निर्वाचन के लिए बनाये गये मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर मतदान केन्द्रों में किये गये व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने मतदान केन्द्र क्रमांक-167 माध्यमिक शाला कोरर में बनाये गये आदर्श मतदान केन्द्र तथा मतदान केन्द्र क्रमांक-181 प्राथमिक शाला किशनपुरी, मतदान केन्द्र क्रमांक-190 एवं 191 प्राथमिक शाला सिरसिदा, मतदान केन्द्र क्रमांक-243 एवं 244 प्राथमिक शाला लखनपुरी का निरीक्षण कर मतदान केन्द्रों में रैम्प की व्यवथा, बिजली सहित अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया एवं संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि मतदान करने पहुंचने वाले गर्भवती माताओं, वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों को पहले मतदान कराया जावे। मतदान केन्द्र से 100 मीटर की दूरी चिन्हांकित करने के निर्देश उनके द्वारा दिये गये।

मतदान केन्द्रों में संबंधित ग्राम एवं मतदाताओं की संख्या का उल्लेख करने के लिए भी निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक कांकेर बालाजी राव, संयुक्त कलेक्टर मनीष मिश्रा, एसडीएम चारामा राकेश गोलछा भी मौजूद थे।

# मलेरिया मुक्त सुकमा बनाने ढाई लाख के जांच का लक्ष्य, 782 दल गठित

**सुकमा।** मलेरिया मुक्त सुकमा बनाने का अभियान के तहत सातवें चरण में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 782 दल के सदस्य जिले भर में लगभग 2.6 लाख से अधिक की जनसंख्या का मलेरिया जांच करेंगे। मलेरिया पॉजिटिव पाए जाने पर उन्हें त्वरित इलाज भी मुहैया कार्य जायेगी। अभियान के दौरान किट टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए मरीजों की लगातार मॉनिटरिंग होगी और उन्हें पुनः जांचा जायेगा। मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान में धुर नक्सल प्रभावित ग्राम सिलगेर में स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीणों की मलेरिया जांच की।

BIG BRAND
Premium Store
30% Off
70001 78467
70008 73376
Near KPS school ,
Nehru Nagar ,Bhilai

होम लोन
LIC HFL
LIC HOUSING FINANCE LTD
आवासीय प्लाट खरीदने लोन
घर खरीदने एवं बनाने लोन
मरम्मत एवं प्रथम तल विस्तार लोन
अन्य बैंक से लोन ट्रांसफर
मॉर्टगेज लोन
मेरा ऑफिस
दुकान,शोरूम्स, आफिस ,ओ.पी.डी क्लीनिक, डायग्नोस्टिक सेंटर आदि।
खरीदने ,बनाने,विस्तार हेतु,मरम्मत हेतु, मशीनें खरीदने,बैंक लोन ट्रांसफर एवं टॉपअप सुविधा।
8871247143 | 9303384454
Shop No-239,1st Floor,Chouhan Estate,Supela,Bhilai
finconhome@gmail.com

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
CONTACT
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर

### भानुप्रतापपुर उपचुनाव जीतकर 4 साल में 5वीं जीत का रिकॉर्ड बनाएगी कांग्रेस : धनंजय

**रायपुर ( ए )।** भानुप्रतापपुर उपचुनाव के प्रचार के अंतिम दिन कांग्रेस ने प्रचंड जीत का दावा किया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भानुप्रतापपुर उपचुनाव की मतदाताओं ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार के आदिवासी हितैषी एवं कांग्रेस संगठन के रीति नीति सिद्धांतों पर अपने मोहर लगाने का मन बना लिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने सावित्री मंडावी के लिए जो निरंतर जनसंपर्क किए भूपेश बघेल सरकार के कामों को जन-जन तक पहुंचाएं इससे मतदाता प्रभावित हुई है और सरकार के कामों पर 5 दिसंबर को जनता मुहर लगाएगी भाजपा की करारी हार होगी।धनंजय ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस भानुप्रतापपुर विधानसभा उपचुनाव जीतकर 4 साल के भीतर पांचवी उपचुनाव में जीतने का रिकॉर्ड दर्ज बनायेगी। कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी सावित्री मंडावी जो शिक्षिका थी वो रिकार्ड मतों के साथ जीत दर्ज कराएगी और भाजपा के बलात्कार के आरोपी प्रत्याशी ब्रह्मानंद नेताम की करारी हार होगी। भानुप्रतापपुर की जनता भाजपा के द्वारा जो एक रेप के आरोपी को प्रत्याशी बनाया गया है उसका करारा जवाब देगी। भाजपा ने रेप के आरोपी को प्रत्याशी बनाकर भानूप्रतापपुर विधानसभा के 1 लाख 1 हजार महिला उम्मीदवारों का अपमान किया है। भानुप्रतापपुर के माता और बहनों भाजपा को सबक सिखाएगी।

### मुख्यमंत्री ने भारतीय नौसेना दिवस पर दी बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 4 दिसम्बर को भारतीय नौसेना दिवस पर साहस, शौर्य और निष्ठा के प्रतीक जल सीमाओं के प्रहरी भारतीय नौसैनिकों और उनके परिवारों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री बघेल ने कहा है कि समुद्री सीमा की रक्षा के साथ नौसैनिकों ने प्राकृतिक आपदाओं और विपरीत परिस्थितियों में आगे बढ़कर देश सेवा की है। भारतीय नौसैनिकों के अदम्य साहस और पराक्रम ने हमेशा हर भारतीय को गौरवान्वित किया है। पूरा देश एक स्वर में सभी भारतीय नौसैनिकों की राष्ट्रसेवा को नमन करता है।

### बूढ़ा तालाब में आयोजित हुआ ओपन माइक, आज शाम कवि गोष्ठी

**रायपुर ( ए )।** आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के 'जीवन सूचकांक सर्वेक्षण-2022' में आम नागरिकों को डीडबैक हेतु प्रेरित करने के लिए रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा वॉइस ऑफ रायपुर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन के तहत लोक संगीत व ओपन माइक की प्रस्तुति हुई। जिसमें रायपुर शहर को देश के सर्वश्रेष्ठ निवास योग्य शहर के रूप में पहचान दिलाने लोगों ने अपनी राय दी। रायपुर की पहचान के तौर पर स्थित ऐतिहासिक बूढ़ातालाब-स्वामी विवेकानंद सरोवर प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में नागरिकों के साथ ही मीडिया प्रतिनिधियों ने भी गायन में अपनी प्रस्तुति दी। रविवार को बूढ़ा तालाब प्रांगण में ही कवि गोष्ठी और गायन की प्रस्तुति होगी।

### 'जीवन सूचकांक सर्वेक्षण-2022' में फीडबैक देने युवाओं ने निकाली साइकिल रैली

**रायपुर ( ए )।** रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के मार्गदर्शन में संचालित किए जा रहे जीवन सूचकांक सर्वेक्षण-2022 में फीडबैक देने सभी को प्रेरित करने युवाओं ने रैली निकाली। रैली का नेतृत्व पुलिस महानिरीक्षक रतनलाल डांगी एवं नगर निगम अध्यक्ष प्रमोद दुबे ने किया। इस रैली में पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संगठनों के साथ शहर के साइकलिंग क्लब से जुड़े युवाओं ने हिस्सा लिया।

### एनएसएस और एनसीसी कैडेट्स ने निकाली रैली

**रायपुर ( ए )।** आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के 'जीवन सूचकांक सर्वेक्षण-2022' में रायपुर को उत्कृष्ट रैंकिंग की अपील करते हुए एनएसएस व एनसीसी के कैडेट्स ने भी जागरूकता कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी। इस कार्यक्रम में सभापति प्रमोद दुबे, एनएसएस की प्रोग्राम ऑफिसर रात्रि लहरी एवं सुनीता चंसोरिया भी उपस्थित थे।

राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ठाकुर अनुकूलचन्द्र के 135 वें जन्म महोत्सव में हुईं शामिल

# ठाकुर अनुकूलचन्द्र ने मानव सेवा को प्राथमिकता देते हुए समाज के भलाई के लिए निरंतर किए कार्यः राज्यपाल

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ठाकुर अनुकूलचन्द्र के 135 वें जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुईं। राज्यपाल ने सर्वप्रथम ठाकुर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके समस्त अनुयायियों के साथ मंगलकामना की। इस दौरान उनके अनुयायियों ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया। राज्यपाल सुश्री उइके ने जीवन संघर्ष साझा करते हुए कहा कि महान व्यक्तित्वों के सानिध्य से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं और उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभव भी बताए। उन्होंने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों के लोग सत्संग से जुड़े हैं। जब हम ईश्वर के सदृश मानकर किसी के प्रति आस्था रखते हैं तो यह विश्वासपूर्ण प्रेम से लोगों की कामना पूरी होती है।

राज्यपाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ठाकुर ने मानव सेवा को प्राथमिकता देते हुए समाज के भलाई के लिए निरंतर कार्य किए। पृथ्वी के समस्त जीवों का कल्याण उनका सर्वोच्च स्वार्थ और मनुष्य के निर्मल प्रेम को पाना ही उनकी परम प्राप्ति रही। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सांस्कृतिक मूल्यों का पतन, अनियमित दिनचर्या व जीवनशैली और केवल भौतिक सुख की इच्छा, मानव समाज के समक्ष एक बड़ी चुनौती बनकर खड़ी है। आज मनुष्य अपने अंतर्द्वंद्व से जूझ रहे हैं और व्याकुल हैं, वे शांति, समृद्धि और सुख की तलाश में जीवन के सद्मार्ग से भटकते जा रहे हैं। ऐसे समय में हमें ठाकुर द्वारा दिखाए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि विज्ञान, शिक्षा, शिल्प, कला की उन्नति होने के बावजूद मानव संतुष्ट और तृप्त नहीं हुआ है। असंतोष, अहंकार, स्वार्थ के भाव से मानव मन में अहंकार बढ़ता गया। ठाकुर ने कहा है कि सकारात्मक परिवेश मनुष्य को उदार और सहिष्णु बनाते हैं। इस लिए हमें दया, प्रेम, श्रद्धा, सेवा, उदारता, अनुशासन और भाईचारे से परिपूर्ण सुंदर, समाज और देश के निर्माण में अपनी भूमिका अदा करनी चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि मानव जीवन के उद्देश्यों और उसकी प्राप्ति के पथ को लेकर उनके विचार पूर्णतः प्रासंगिक हैं। उनके विचारों ने समाज के लोगों का विपरीत परिस्थितियों में मार्गदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि संत-महात्माओं, धर्मगुरुओं ने मानवता के कल्याण के लिए प्रेम, सद्भाव और सामाजिक समरसता का जो संदेश दिया है, वह हमें ठाकुर की पुस्तक 'सत्यानुसरण' में भी पढ़ने को मिलता है।

राज्यपाल ने कहा कि हमें ठाकुर का अनुसरण करते हुए जाति धर्म के भेद से ऊपर उठकर सबके उन्नति के लिए कार्य करना चाहिए। ठाकुर ने सदैव सर्वसाधारण की बात की है। उन्होंने चिकित्सा की पढ़ाई की और अपने सहृदयता और संवेदनपूर्ण व्यवहार से लोगों मन जीत लिया। उनके व्यवहार से उनका हृदय परिवर्तन हो गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, नेताजी सुभाषचन्द्र बोस जैसे भारत के प्रबुद्ध व्यक्तित्वों को भी ठाकुर के दर्शन और विचारों ने काफी प्रभावित किया।

राज्यपाल ने इस अवसर पर चिकित्सकों द्वारा किये जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने देश-प्रदेश में कोविड के दौरान चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका को भी सराहा। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सकों को ठाकुर के सद्मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि अनुकूल चन्द्र ठाकुर द्वारा झारखण्ड के देवघर में सत्संग आश्रम आज देश-विदेश में फैले उनके अनुयायियों की आस्था का प्रमुख केन्द्र बन गया है। लोगों को उनके आदर्शों पर चलकर एक समतामूलक समाज के निर्माण मे अपना योगदान देना चाहिए।

इस कार्यक्रम के अवसर पर पूर्व सांसद परशुराम मांझी, नीमय रॉय, सबीता सुन्दर तालुकदार, मानस मिश्रा, राधाकृष्णा लाल, अजय कुमार बेहरा, जगई चन्द्रदास एवं ठाकुर अनुकूलचन्द्र के अनुयायीगण उपस्थित थे।

# मंत्री डॉ. डहरिया की अनुशंसा पर 5 करोड़ रुपए के निर्माण कार्य स्वीकृत

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** नगरीय प्रशासन, विकास एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया की अनुशंसा मनरेगा अंतर्गत लगभग रायपुर जिले के आरंग विकास खंड के अंतर्गत 04 करोड़ 70 लाख रूपये के विकास कार्यों की स्वीकृति मिली है।

स्वीकृत निर्माण कार्यों में ग्राम कोड़ापार में सामुदायिक जल संचयन तालाब का निर्माण भंडार नाला पटिया आमीन के पास के लिए 9.95 लाख रूपये, बंदबुडावा तालाब की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए 9.98 लाख रूपये, बकतरा में मत्स्य तालाब का निर्माण हेतु 5.12 लाख रूपये, ग्राम कुकरा में नारा तालाब की मरम्मत और रखरखाव व देव तालाब में पचारीकरण हेतु 9.74 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। ग्राम गनौद में लिम्हा तालाब की मरम्मत और रखरखाव के लिए 9.83 लाख रूपये, ग्राम कुकरा में शनि देव तालाब की मरम्मत व पचारीकरण हेतु 9.91 लाख रूपये तथा गुमारा तालाब रीवा रोड़ के लिए 9.94 लाख रूपये स्वीकृत किए गए हैं। ग्राम बेनीडीह में मिट्टी रोड़ निर्माण हेतु 9.27 लाख रूपये,तथा मनबोधी नया घर से नदी किनारे तक मिट्टी रोड़ निर्माण हेतु 6.63 लाख रूपये, ग्राम कोरासी नहर पार से छेदीलाल के खेत तक टार नाली निर्माण हेतु 4.26 लाख रूपये, ग्राम भलेरा में लाल बांधा तालाब निर्माण एवं पचरीकरण हेतु 9.95 लाख रूपय स्वीकृत किए गए हैं। ग्राम कोसमखूंटा में चंद्रहास फार्म से हनुमान फार्म तक वाटर कोर्स की मरम्मत एवं रखरखाव हेतु 9.92 लाख रूपये, एवं टिजऊ राम फार्म से रूपदास फार्म तक वाटर कोर्स की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए 5.75 लाख रूपये, ग्राम चोरभट्टी में उपस्वास्थ्य केंद्र में बागवानी वृक्षों का वृक्षारोपण हेतु 3.02 लाख रूपये, ग्राम रीको में राजेश के खेत तक वाटर कोर्स मरम्मत एवं रखरखाव के लिए 2.95 लाख रूपये स्वीकृत किए गए हैं। बंधन तालाब से कुंए तक वाटर कोर्स की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए 1.35 लाख रूपये, तथा फार्म पुल से फेरहास फार्म तक वाटर कोर्स की मरम्मत एवं रखरखाव हेतु 1.35 लाख रूपये, ग्राम पलोद में मोखलाही तालाब जीर्णोद्धार हेतु 9.88 लाख रूपये एवं पैठु तालाब जीर्णोद्धार हेतु 9.94 लाख रूपये स्वीकृत किए गए हैं।

ग्राम गनौद में वर्मी कंपोस्ट संरचना हेतु 5.76 लाख रूपये, एवं तटीय सुरक्षा तूफान जल निकासी की मरम्मत हेतु 9.94 लाख रूपये, ग्राम तुलसी में मालिक के घर से बड़े नहर तक मिट्टी रोड़ की मरम्मत हेतु 7.09 लाख रूपये, ग्राम बडगांव में बंधिया तालाब से बंगला बाड़ी तक वाटर कोर्स की मरम्मत एवं अनुरक्षण हेतु 9.42 लाख रूपये स्वीकृत किए गए हैं। गाड़ा रास्ते से बांधिया खार तक वाटर कोर्स नहर की मरम्मत एवं अनुरक्षण हेतु 9.53 लाख रूपये तथा सुन्दर लाल के खेत से सालिक के खेत तक मिट्टी सड़क निर्माण हेतु 7.47 लाख रूपये, ग्राम भंडारपुरी में प्रकाश के खेत से तिहारू के खेत तक वाटर कोर्स मरम्मत हेतु 6.33 लाख रूपये, तिहारु खेत से बंधानी तक नाला सफाई एवं गहारीकरण हेतु 6.34 लाख रूपये स्वीकृत किए गए हैं।

# बच्चों ने ड्रोन टेक्नोलॉजी को समझा और स्वयं उड़ाना भी सीखा

छत्तीसगढ़ रीजनल साईस सेन्टर में ड्रोन पर पांच दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ रीजनल साईस सेन्टर में 29 नवम्बर से 03 दिसम्बर 2022 तक पांच दिवसीय हैण्ड्स ऑन प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन रीजनल साईस सेन्टर के महानिदेशक डॉ. एस कर्मकार ने किया। कार्यशाला में बच्चों ने ड्रोन उड़ाने और उसकी टेक्नालॉजी सहित उनके उपयोग की जानकारी ली। बच्चों ने कहा कि ड्रोन टेक्नोलॉजी भविष्य की टेक्नोलॉजी है। हमने साईंस सेंटर की सहायता से सिर्फ परिचित ही नहीं हुए, बल्कि उसे स्वयं उड़ाकर भी देखा। साईंस सेंटर की यह कार्यशाला विज्ञान के नवीन तकनीकों को सीखने के लिए बेहतर प्लेटफॉर्म है। कार्यशाला का आयोजन परियोजना संचालक डॉ. शिरिष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। यह आयोजन दो दिनों की थ्योरी कक्षाओं के साथ शुरू हुआ। साथ ही अगले तीन दिनों की असेम्बिलिंग और ड्रोन फ्लाईंग सेशन के साथ समाप्त हुआ। इस कार्यशाला में स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, लालपुर एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अमलीडीह के नवमी से बारहवीं तक के कुल 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। गौरतलब है कि कार्यशाला के दौरान 02 नवम्बर को कुछ समय के लिए जशपुर के पहाड़ी कोरवा बच्चे भी शामिल हुए। उन्होंने साईंस सेंटर का अवलोकन किया और ड्रोन के बारे में भी जाना।

प्रशिक्षकों ने जानकारी दी कि आगामी कुछ दिनों में छत्तीसगढ़ रीजनल साईस सेन्टर में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट एवं एयरो मॉडलिंग पर दो और हैण्ड्स ऑन कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में आए छात्रों तथा उनके शिक्षक एवं अभिभावकों ने पूर्व में रीजनल साईस सेंटर में आयोजित 10 दिवसीय रोबोटिक्स कार्यशाला की सराहना की। इस कार्यशाला के दौरान अन्य अधिकारियों में इंजीनियर अमित मेश्राम, प्रज्ञा कदम, प्रदीप कुरे, राजेश कुमार परमार, सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# किसानों की बेहतरी छत्तीसगढ़ सरकार की प्राथमिकताः रविंद्र चौबे

### सेवा सहकारी केंद्र धमधा में 14 लाख के किसान कुटीर भवन का लोकार्पण

### करेली, परोड़ा, बसनी और दानी कोकड़ी के लिए धान खरीदी उप केंद्र करेली का शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कृषि मंत्री रविंद्र चौबे सेवा सहकारी केंद्र धमधा में 14 लाख रूपए की लागत से बने किसान कुटीर भवन लोकार्पण और नवीन धान खरीदी उपकेंद्र करेली का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के किसानों को कुटीर भवन व नवीन धान खरीदी उपकेंद्र के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। मंत्री चौबे ने कहा कि किसानों की बेहतरी छत्तीसगढ़ सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने कहा कि किसान कड़ी धूप में तपस्या कर, हर परिवार के थाली में अन्न मुहैया कराता है, ऐसे अन्नदाता किसान भाईयों के हितों का ध्यान रखना और उनका सम्मान करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

मंत्री चौबे ने कहा कि सरकार ने सहकारी समिति के अंतर्गत किसानों की सुविधा के लिए किसान कुटीर भवन का निर्माण कराया है, ताकि यहां आने वाले किसान भाईयों को विश्राम, पेयजल आदि की सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि किसान भाई आसानी से अपनी उपज बेच सके। इसको ध्यान में रखकर नए धान खरीदी उपकेंद्र भी खोले गए हैं, इसका एक उदाहरण करेली भी है। उन्होंने यह भी बताया कि धमधा समिति में में कुल



11 गांव थे, जिनमें से 3 गांव वर्ष 2020 में बरहापुर नवीन समिति में स्थानांतरित हो गए। 8 शेष गांव धमधा में थे, जिसमें से 4 गांव वर्तमान में धान खरीदी उपकेंद्र करेली में स्थानांतरित हुए हैं। इस क्षेत्र के किसानों को अपने निकटतम स्थल पर धान विक्रय करने की सुविधा प्राप्त होगी। मंत्री चौबे ने इस अवसर पर फसल बीमा को लेकर भी शासन की मंशा पर प्रकाश डाला और कहा कि फसल बीमा आपदा की स्थिति में किसानों का सुरक्षा कवच है। जिसका लाभ हर किसान को लेना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कृषक की आमदनी मुख्य रूप से तीन बातों पर निर्भर करती है,पहला कृषक सभी सीजन में फसल ले, दूसरा खेती के लिए नवीनतम टेक्नोलॉजी का उपयोग करें और तीसरा उन्नत किस्म के बीज का उपयोग करें। छत्तीसगढ़ सरकार इसी दिशा में कर रही है और किसानों के लिए ऐसा इकोसिस्टम बनाया जा रहा है, जोकि उनके आर्थिक विकास का आधार स्तंभ हो।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अपेक्स बैंक अध्यक्ष व केबिनेट मंत्री दर्जा छत्तीसगढ़ शासन माननीय बैजनाथ चन्द्राकर भी उपस्थित थे। चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार नीति में किसानों व नागरिकों की सेवा निहित है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ उन चुनिंदा राज्यों में से एक है जहां 750 करोड़ बीमा क्लेम किसानों को दिया गया है। चार सालों में किसानों की बदलती हुई तकदीर का जिक्र भी किया, जिसमें उन्हें बैंकिंग जैसी बुनियादी सुविधाओं से भी जोड़ा गया और माइक्रो एटीएम जैसे सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई।

इस अवसर पर किसानों को कृषि यंत्रों का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में संचालक कृषि डॉ.अयाज़ तम्बोली, संचालक उद्यानिकी माथेश्वरन व्ही. अपर संचालक कृषि पीडिया, अपर संचालक मंडी बोर्ड सवन्नी, अपेक्स बैंक के डीजीएम भूपेश चंद्रवंशी, प्रबंधक अभिषेक तिवारी, बड़ी संख्या में किसानों, सोसाइटी प्रतिनिधियों, कृषि विभाग, उद्यानिकी, सहकारिता तथा मंडी बोर्ड के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243
























# डिलीवरी के बाद महिलाएं

## 5 एक्सरसाइज को रूटीन में करें शामिल

**गर्भावस्था के दौरान ही नहीं डिलीवरी के बाद भी महिलाओं को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस वजह से डिलीवरी के बाद महिलाओं को अपने रूटीन में ऐसी एक्सरसाइज शामिल करनी चाहिए, जो उनकी सुविधा और प्रभावशीलता के बीच बेहतरीन संतुलन बनाने में मदद कर सकती हैं। आइए आज हम आपको पांच ऐसी एक्सरसाइज के बारे में बताते हैं, जो डिलीवरी के बाद महिलाओं लिए लाभदायक साबित हो सकती हैं।**

### नियमित रूप से टहलने पर होगा बड़ा फायदा

डिलीवरी के बाद रोजाना कुछ मिनट टहलने से महिलाओं को सक्रिय और ऊर्जावान बने रहने समेत ऑक्सीजन स्तर को बेहतर बनाए रखने में काफी मदद मिल सकती है। सबसे अच्छी बात है कि इस एक्सरसाइज को किसी भी समय कहीं भी किया जा सकता है। कार्डियो एक्सरसाइज का यह रूप सहनशक्ति बढ़ाने और डिलीवरी के बाद महिलाओं को कई तरह के शारीरिक लाभ देने के साथ-साथ तनाव के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है।

### पेल्विक फ्लोर एक्सरसाइज

गर्भावस्था के दौरान महिलाओं की कोर स्ट्रेंथ बहुत प्रभावित होती है और इसे ठीक करने में पेल्विक फ्लोर एक्सरसाइज काफी मदद कर सकती है। पेल्विक फ्लोर एक्सरसाइज जैसे प्लैंक, साइड-प्लैंक लेग-लिफ्ट्स, कैट-काउ टेबल टॉप्स और ग्लूट ब्रिज आदि एक्सरसाइज को महिलाएं डिलीवरी के बाद बिना किसी उपकरण के घर पर आसानी से कर सकती हैं। वैसे बेहतर होगा कि महिलाएं इन एक्सरसाइज को विशेषज्ञ की निगरानी में ही करें।

### योग की भूमिका भी होती है अहम

शिशु को जन्म देने के कुछ दिनों या हफ्तों के बाद महिलाएं अपने रूटीन में कुछ मिनट का योगाभ्यास शामिल कर सकती हैं। हालांकि, ध्यान रखें कि योग ऐसे होने चाहिए, जिनका अभ्यास करते समय शरीर पर अधिक दबाव न पड़े। योग डिलीवरी के बाद महिलाओं के शारीरिक स्वास्थ्य समेत मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालने में सहायक साबित हो सकता है।

### लेग रेज एक्सरसाइज

डिलीवरी के बाद इस एक्सरसाइज को करना महिलाओं के लिए आसान हो सकता है। इसके लिए पहले एक्सरसाइज मैट पर सीधे लेटकर दोनों हाथों को सीधा फर्श से चिपका कर रखें। अब अपनी सांस को सामान्य रखते हुए दोनों पैरों को ऐसे ऊपर की ओर सीधा करें कि शरीर से 90 डिग्री का कोण बन जाएं। अपने दोनों पैरों को इस स्थिति में 15 से 20 सेकंड के लिए रोक कर रखें और फिर प्रारंभिक स्थिति में आ जाएं।

### प्राणायाम से मिल सकते हैं कई फायदे

डिलीवरी के बाद महिलाओं के लिए रोजाना कुछ मिनट प्राणायाम का अभ्यास करना काफी लाभदायक साबित हो सकता है। खासतौर से यह एक्सरसाइज तनाव के जोखिम को कम करने में मदद कर सकती है। इसके लिए महिलाओं को रोजाना अनुलोम-विलोम, भ्रामरी या कपालभाति आदि का अभ्यास करना चाहिए। ये प्राणायाम एक जगह पर ध्यान केंद्रित कर दिमाग को शांत रखने में सहायक होते हैं और इससे तनाव से भी दूरी बनी रहती है।




# टीवी अभिनेत्री आशी सिंह ने स्कूली बच्चों को तोहफे देकर किया सरप्राइज

टीवी शो 'मीत' में मीत हुड्डा की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री आशी सिंह बचपन से ही सरप्राइज पाने की शौकीन हैं। इसीलिए उन्होंने स्कली बच्चों के अलावा अन्य बच्चों को भी सरप्राइज के साथ खुशी देने का फैसला किया है। रिपोर्ट के अनुसार, आशी सिंह ने बताया कि मुझे बचपन से लेकर आज तक व्यक्तिगत रूप से सरप्राइज पसंद हैं। जब भी कोई आपको छोटा सा उपहार देता है तो आप हमेशा बहुत खुश होते हैं। इसलिए मैंने खुशियां बांटने और अपने आसपास के सभी बच्चों को कुछ उपहार बांटने का फैसला किया है। शो में मीत उस तरह की लड़की है जो दूसरों के लिए सब कुछ करती है और आशी अपने हाव-भाव से ऐसा ही करने की कोशिश करती नजर आती हैं। उन्हें यह भी नहीं पता था कि उपहार क्या है। लेकिन फिर भी वे सभी इतने उत्साहित थे और उनकी मुस्कान देखकर मेरा दिल खुशी से भर गया। मैं वास्तव में ईश्वर की आभारी हूं कि मुझे ऐसे अवसर मिले हैं जिन्होंने मुझे उनके चेहरों पर मुस्कान लाने और उन्हें कुछ विशेष उपहारों से सरप्राइज करने में सक्षम बनाया है। 'मीत' एक बंगाली शो 'बोकुल कथा' पर आधारित है और यह एक हरियाणवी लड़की मीत हुड्डा के इर्द-गिर्द घूमता है। मीत हुड्डा की भूमिका आशी सिंह ने निभाई है। वह एक डिलीवरी एजेंट के रूप में अपने परिवार को अकेले चलाकर सामाजिक मानदंडों और नियमों को तोड़ती हैं।

# सेबोरिक डर्मेटाइटिस क्या है?

## ये है इसके कारण, लक्षण और इलाज

सेबोरिक डर्मेटाइटिस त्वचा से जुड़ी स्थिति है, जो स्कैल्प को प्रभावित करती है। इससे ग्रस्त व्यक्ति के स्कैल्प पर सफेद रंग के पपड़ीदार पैच और जिद्दी डैंड्रफ हो जाता है। यह समस्या शरीर की तैलीय जगहों को प्रभावित करती है। अगर समय रहते इस समस्या के इलाज पर ध्यान न दिया जाए तो स्थिति गंभीर हो सकती है। आइए आज सेबोरिक डर्मेटाइटिस के कारण, लक्षण और इलाज के बारे में जानते हैं।



### सेबोरिक डर्मेटाइटिस के लक्षण

सेबोरहाइक डर्मेटाइटिस के लक्षणों में परतदार त्वचा या पपड़ी से ढकी तैलीय त्वचा के पैच शामिल हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त प्रभावित हिस्से पर लालिमा और खुजली भी हो सकती है। आमतौर पर यह सिर पर दिखाई देता है, लेकिन यह शरीर पर कहीं भी हो सकता है। बता दें कि ठंड और शुष्क मौसम के दौरान इसके लक्षणों में तेजी आती है। बहुत अधिक तनाव लेने से यह त्वचा की स्थिति ट्रिगर हो सकती है।

### सेबोरिक डर्मेटाइटिस के कारण

सेबरेरिक डार्माटाइटिस का सटीक कारण अभी भी अच्छे से स्पष्ट नहीं है, लेकिन स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि मालासेजिया नामक खमीर की अत्यधिक वृद्धि इस समस्या का कारण हो सकती है। शरीर में एण्ड्रोजन हार्मोन्स का बढ़ता स्तर भी इसका कारण बन सकता है। त्वचा के बढ़े हुए लिपिड स्तर या पारिवारिक इतिहास को भी इस समस्या के लिए जिम्मेदार माना जा सकता है।

### सेबरेरिक डार्माटाइटिस का इलाज

सेबरेरिक डार्माटाइटिस का इलाज करना मुश्किल नहीं है और कई मामलों में तो यह खुद ही ठीक हो जाता है। हालांकि, कुछ मामलों में यह अजीवन मुसीबत भी बन सकता है। त्वचा और बालों की अच्छी देखभाल इस समस्या को नियंत्रित कर सकती है। अगर आपके चेहरे और शरीर पर यह समस्या है तो प्रभावित क्षेत्रों को साफ रखें। धूप के अधिक संपर्क में रहने से खमीर के विकास को रोकने में भी मदद मिल सकती है।

### सेबरेरिक डार्माटाइटिस और सोरायसिस के बीच अंतर

सोरायसिस और सेबरेरिक डार्माटाइटिस एक जैसी त्वचा से जुड़ी स्थिति लग सकती हैं। दोनों के कारण त्वचा पर लालिमा आ जाती है और प्रमुख रूप से स्कैल्प को प्रभावित करती है। हालांकि, सोरायसिस की तुलना में सेबरेरिक डार्माटाइटिस से भिन्न होती है। सेबरेरिक डार्माटाइटिस के पैच हटाने में आसान होते हैं, लेकिन सोरायसिस पैच कठोर होते हैं। एक ही समय में दोनों स्थितियां होने की संभावना अधिक भी हो सकती है।

### सर्दियों में ज्यादा बिगड़ सकती है स्थिति

सर्दियों के दौरान हवा शुष्क और बहुत नमी युक्त हो जाती है। इससे स्कैल्प रूखी हो जाती है और इसके परिणामस्वरूप स्कैल्प परतदार हो सकती है, जिससे सेबरेरिक डार्माटाइटिस को बढ़ावा मिल सकता है। इसके अलावा, ठंडे मौसम में मलेसेजिया खमीर के बढ़ने की अधिक संभावना रहती है, जो सेबरेरिक डार्माटाइटिस का कारण बनता है। गर्मियों के दौरान सूरज की यूवी-ए और यूवी- बी किरणें इस खमीर की ग्रोथ को रोक देती हैं।

# अवनीत कौर का बोल्ड अवतार इंटरनेट पर मचा रहा है तहलका



एक्ट्रेस अवनीत कौर टीवी इंडस्ट्री से लेकर बॉलीवुड तक में अपनी पहचान बना चुकी हैं। एक्ट्रेस हर बार अपने स्टाइलिश लुक्स से सोशल मीडिया पर तहलका मचाने में लगी रहती हैं। 21 साल की उम्र में अवनीत कौर ने फैंस के ऊपर अपने हुस्न का जादू इस कदर बिखेरा हुआ है कि फैंस उनके हर लुक्स देख कर उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में अवनीत कौर ने लेटेस्ट फोटोशूट में सिजलिंग पोज देते हुए फैंस के दिलों की धड़कने तेज कर दी हैं । अवनीत कौर भले ही अपनी एक्टिंग का जादू फैंस पर ज्यादा ना चला पाई हो लेकिन एक्ट्रेस हर बार अपनी हॉट तस्वीरों से लोगों का दिल जीत लेती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर अपने लेटेस्ट फोटोशूट से एक बार फिर से फैंस का अटेंशन अपनी ओर खींच लिया है। अभिनेत्री अवनीत कौर का इन तस्वीरों में लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। इन तस्वीरों में अवनीत कौर ने ऑरेंज कलर की डीप नेक ब्रालेट और मैचिंग स्कर्ट पहनी हुई है। अपने इस ड्रेस का आउटलुक कंप्लीट करने के लिए एक्ट्रेस अवनीत कौर ने मिनिमल मेकअप और बालों को खुले छोड़ रखे हैं। एक्ट्रेस अवनीत कौर अपने इस आउटफिट में बेहद ही शानदार लग रही हैं। वो अपनी हर अदाओं से फैंस को इस कदर अपना बना लेती हैं कि लोगों की उन पर से नजरें हटा पाना मुश्किल हो जाता है। बता दें कि इन दिनों अवनीत कौर अपनी अपकमिंग फिल्म टीकू वेड्स शेरू को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इस फिल्म में उन्हें नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ लीड एक्ट्रेस के तौर पर देखा जाएगा।

# अपनी नई पैन-इंडिया फिल्म को लेकर रामचरण ने किया खुलासा

टॉलीवुड स्टार राम चरण, जो एस.एस. राजामौली की मल्टी-स्टारर आरआरआर की वजह से आज घर घर में फेमस हो गए हैं, एक और अखिल भारतीय परियोजना के साथ वापस आ रहे हैं। सोमवार को घोषित की गई अनटाइटल्ड फिल्म का निर्देशन बुच्ची बाबू सना करेंगे, इसका खुलासा सुपरस्टार रामचरण ने किया।

सूत्रों के अनुसार, युवा निर्देशक ने एक शक्तिशाली स्क्रिप्ट तैयार की है, जिसमें इसे अखिल भारतीय मनोरंजन बनाने के लिए सार्वभौमिक अपील है। अग्रणी प्रोडक्शन हाउस मैत्री मूवी मेकर्स द्वारा प्रस्तुत फिल्म को वृद्धि सिनेमाज और सुकुमार राइटिंग्स के बैनर तले बड़े बजट के साथ बड़े पैमाने पर बनाया जाएगा, जो पुष्पा के निर्देशक सुकुमार की कंपनी है। 2007 में पुरी जगन्नाथ की चिरुता के साथ अपनी शुरूआत करने के बाद से यह आगामी फिल्म राम चरण की 16वीं फिल्म होगी।


दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243



Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135, NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है



मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर आयुष विभाग ने लगाया चिकित्सा शिविर

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ समाज कल्याण विभाग के आदेश अनुसार एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉक्टर मीरा भगत के दिशा निर्देश पर अंतरर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन मिनी स्टेडियम रायगढ़ में किया गया जिसमें आयुष चिकित्सा शिविर आयुष विभाग द्वारा नि:शुल्क आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा शिविर कर इलाज किया गया। जिसमें आयुर्वेद पद्धति द्वारा 27 एवं होम्योपैथी पद्धति द्वारा 25 कुल 52 हितग्राहियों का नि:शुल्क उपचार किया गया इस अवसर पर डॉ रवि पटेल द्वारा आयुर्वेद दिनचर्या आहार बिहार के बारे में बताया गया एवं आयुर्वेद द्वारा पंचकर्म पद्धति से दिव्यांग जनों का इलाज करने हेतु प्रेरित किया गया। इस शिविर में डॉ.रवि पटेल आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी, डॉक्टर शेख सादिक आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी, डॉ मुकेश साहू होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी एवं मायाराम गोमती सिदार आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट एवं शैलेश सिंह होम्योपैथिक फार्मासिस्ट उपस्थित रहे।

### राज्य स्तरीय मेगा जॉब फेयर में दिव्यांगजन भी 6 तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

**रायपुर।** शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए मेगा जॉब फेयर का आयोजन राजधानी रायपुर में किया जा रहा है। इस राज्य स्तरीय मेगा रोजगार फेयर में दिव्यांगजन भी शामिल हो सकते है। इच्छुक दिव्यांग आवेदक ऑनलाईन लिंक पर 6 दिसम्बर तक नि:शुल्क आवेदन कर सकते है। प्रस्तावित रोजगार मेले के माध्यम से निजी क्षेत्र के 9 सेक्टरों में रिक्त 46 हजार 616 पदों पर भर्ती की कार्रवाई की जाएगी। इन सेक्टरों में अपेरल, बैंकिंग एवं फायनेंसियल, आई.टी-आईटीईएस, हेल्थकेयर टूरिज्म एण्ड हॉस्पिलिटी, लॉजिस्टिकस, मैन्यूफैक्चरिंग, रिटेल, सिक्योरिटी शामिल है। विशेष रोजगार कार्यालय की उपसंचालक डॉ शशीकला अतुलकर ने बताया कि आई.टी.आई, पॅलिटेक्निक, इंजिनियरिंग उत्तीर्ण दिव्यांग आवेदकों को प्राथमिकता दी जायेगी। जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता 08वी, 10वी, 12वीं स्नातक, स्नाकोत्तर ,आई.टी.आई. पॉलिटेक्निक और इंजिनियरिंग उत्तीर्ण आवेदक शामिल हो सकते है।

# भाग्य का सम्मान करने वाला बनता है भगवान : आचार्य विशुद्ध सागर

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। आचार्य विशुद्ध सागर महाराज ने कहा कि जो जीव भाग्य का सम्मान करता है भाग्य उसको भगवान बना देता है। भाग्य का कभी अपमान नहीं करना चाहिए। जो तुम भाग्य का अपमान करके आए हो तो तुम्हारा अपमान हो रहा है। कुछ पाना है तो कुछ खोना पड़ता है इसलिए भाग्य का सम्मान करो। नसिया तीर्थ में आयोजित पंचकल्याणक महामहोत्सव में प्रवचन के दौरान आचार्य विशुद्ध सागर ने कहा कि भाग्य की नीति कुटिल होती है और यह समय पर काम करती है।



उन्होंने बताया कि राम का राजतिलक होने जा रहा था। राज्याभिषेक की सारी तैयारी कर ली गई थी लेकिन उन्हें वनवास जाना पड़ा। उन्होंने वनवास के भाग्य का सम्मान किया और जगत में प्रसिद्ध हुए। आचार्य विशुद्ध सागर ने आगे कहा कि न ही संसार क्लेश देता है और न ही वस्तु क्लेश देती है। व्यक्ति की इच्छाएं क्लेश देती है। हर मनुष्य चाहता है कि उसके अनुकूल कार्य हो। यह विचार मस्तिष्क में आना स्वाभाविक है। मनुष्य सोचता है कि मैं चक्रवर्ती बन जाऊं लेकिन वह सोच लेने से ही चक्रवर्ती नहीं बन जाता। योग, पुण्य व कर्म करके आया व्यक्ति ही चक्रवर्ती बनता है। जितना ऊंचा सोचोगे पुण्य उतना ही ऊंचा होना चाहिए। श्रेष्ठ पुरूषार्थ हमारा धर्म है। आचार्य जी ने कहा कि जहां देव है वहां पुरूषार्थ होना चाहिए और जहां पुरूषार्थ है वहां भाग्य होना चाहिए। जिन्हें देव, भाग्य और पुरूषार्थ का ज्ञान नहीं है वह कभी आगे नहीं बढ़ सकते। उन्होंने कहा कि पुरूषार्थ करके भाग्य बनाया जाता है जब कर्म सफल होता है तब पुरूषार्थ के साथ भाग्य का क्षय होता है। उन्होंने बताया कि दीपक जलता है तब प्रकाष होता है लेकिन इसमें घी का क्षय होता है। उसी तरह पुरूषार्थ के द्वारा कर्म सफल होने पर भाग्य का क्षय होता है। संसार में क्षय के बिना मोक्ष नहीं मिलता। पहले पुण्य कमाओ तब भोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि पुण्यात्मा बनने के लिए मै मुनि नहीं बना। पुण्यात्मा था इसलिए मुनि बना हूँ। ऋषियों के दर्षन से बहुत पुण्य मिलता है। और जिसके पास श्रद्धा होती है। उसे ही आषीर्वाद मिलता है। इससे पहले पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव के पहले दिन शनिवार को 7 बजे गर्भकल्याण के पूर्व रूप का मंगलाष्टक दिग्बंधक रक्षा मंत्र शांति मंत्र नित्यमह अभिषेक शेष योग मंगल विधान व शांति धारा पूजन आचार्य विषुद्ध सागर महाराज ने किया। सायंकाल 7 बजे आरती हुई। उसके बाद रात्रि 8 बजे सौधर्म इन्द्रसभा तत्वचर्चा धनपति कुबेर द्वारा रत्नों की वृष्टि स्वर्ग से सुन्दर अयोध्या नगरी की रचना माता की सेवा सोलह स्वप्न दर्षन गीत नृत्य अष्ट कुमारिया द्वारा माता की सेवा व भेंट समर्पण का कार्यक्रम हुआ। आज की शांतिधारा के पुन्पार्य तक बसंत कुमार संदीप कुमार पटौती पाद प्रक्षाय सुमेर पण्डया शास्त्र भेंट का कार्य बाबूलाल संतोष कुमार ने किया। अतिथि के रूप में दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल व महापौर धीरज बाकलीवाल शामिल हुए। इस अवसर पर राकेश छाबड़ा, पंकज छाबड़ा, सजल काला, संदीप लुहाड़िया, ज्ञानचंद पाटनी, सुरेन्द्र पाटनी, जितेन्द्र पाटनी, अनिल गोधा, मनीष बड़जात्या, सुनील गंगवाल, डॉ.आंशु सुराना, डॉ. रोहित सारस्वत, पवन जैन, अनुप गटागट, विपिन जैन, मनोज बाकलीवाल, अनिता बाकलीवाल, अक्षय जैन, प्रवीण बड़जात्या, संजय बोहरा, विजय बोहरा, महेन्द्र पाटनी, रतन पाटनी, राजेन्द्र पाटनी सहित भारी संख्या में धर्मप्रेमी मौजूद थे।

# सभी स्कूल पूरी प्रतिबद्धता के साथ बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की दिशा पर करें काम

श्रीकंचनपथ न्यूज

सारंगढ़-बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने सारंगढ़ के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक बेहतर करने के लिए अनेक विषयों पर बात की। उन्होंने हाल ही में जिले में स्कूलों की एक रिपोर्ट बनवाई थी, उक्त रिपोर्ट के आधार पर उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के 108 स्कूलों में जिले के तीन ब्लॉक में से हर ब्लॉक के दो या तीन स्कूल ऐसे हैं जिनका रिजल्ट शत प्रतिशत है।



लगभग 5-6 स्कूल ऐसे हैं जहां 90 प्रतिशत बच्चे पास होते हैं और इसके अलावा बहुत से स्कूल ऐसे हैं जहाँ का रिजल्ट 70 प्रतिशत से भी कम है। कुछ ऐसे भी स्कूल हैं जहाँ का रिजल्ट 30 प्रतिशत से भी कम है। सारंगढ़ ब्लॉक के 32 स्कूल में से 5 स्कूल ऐसे हैं जिनमें बच्चों का रिजल्ट 30 प्रतिशत से नीचे है जो कि बहुत ही निराशाजनक है।

कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने शिक्षा विभाग के सभी लोगों को कहा कि इसमें पुनर्विचार करने की आवश्यकता है, यह आज के समय में घोर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि ऐसे स्कूलों में कोई माता-पिता अपने बच्चे को नहीं भेजना चाहेगा, यह संबंधित स्कूल प्रबंधन की जिम्मेदारी है कि वह इसमें सुधार करे। जो संस्थान हमारा जीविकोपार्जन करती है वहां हम 30-40 प्रतिशत मात्र दे रहे हैं, हमें इसके लिए आत्मग्लानि होनी चाहिए। समाज के जिस वर्ग के बच्चों के लिए आप काम करते हैं, वही हमारे समाज का आईना है, भविष्य के वे नीति नियंता हैं। आखिर हम उन बच्चों को क्या दे रहे हैं। आपके स्कूल का कोई भी छात्र परीक्षा में अच्छे परिणाम लाता है, तो यह शिक्षक के लिए एक गर्व का विषय होता है।

आप सभी अपनी जिम्मेदारी अच्छे से निभाएं और एक शिक्षक का जो काम होता है शिक्षा देना, आप सिर्फ वही काम पूरी मेहनत और लगन से करें और सभी यह लक्ष्य रखें कि आपके स्कूल के बच्चों का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत से अधिक रहे। स्कूल के सभी बच्चों को अपने बच्चे की तरह जिम्मेदारी समझें, उन बच्चों में भी कुछ बच्चे ऐसे हो सकते हैं जिनकी पढ़ने में कोई विशेष रूचि नहीं होती है लेकिन 90 प्रतिशत बच्चे ऐसे होते हैं जो पढ़ना चाहते हैं, हमें उन सभी बच्चों की बेहतरी के लिए अपना काम पूरी जिम्मेदारी के साथ करना होगा। आगे उन्होंने कहा कि हम जिस समाज में रहते हैं वहाँ एक बच्चे के लिए एक बेहतर जीवनशैली के साथ आगे बढने का एक ही विकल्प है बेहतर शिक्षा। अगर उसको बेहतर शिक्षा नहीं मिलेगी, तो वह न सेना में जा पाएगा, न ही खेलकूद में आगे बढ़ पाएगा, न ही कला संगीत सीख पाएगा, न ही व्यापार करने लायक रहेगा, न ही कोई और किसी तरह की पढ़ाई कर पाएगा। हम सभी अपने बच्चों के लिए यह चाहते हैं कि उन्हें बेहतर शिक्षा नसीब हो, यही भाव हमें अपने उन स्कूल के बच्चों के लिए भी रखना होगा जहाँ हम शिक्षा देते हैं तब कहीं जाकर स्कूल का और इस जिले के बच्चों के परीक्षा परिणाम में सुधार होगा।

कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने जिले का औसत प्रतिशत जो 55 प्रतिशत के आसपास है उस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि आने वाले तीन महीनों में आप अपने स्कूल का सिलेबस तय समय पर पूरा करेंगे और पढ़ाई पूरे अनुशासन के साथ करवाएंगे और इसका परिणाम आने वाले 10वीं और 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में दिखना चाहिए। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने कहा कि शिक्षा का क्षेत्र उनके लिए विशेष रूचि का क्षेत्र है।

# साई महोत्सव 6 से, धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की बिखरेगी छठां

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। सिविल लाईन कसारीडीह स्थित प्रसिद्ध साई बाबा मंदिर में 6, 7 व 8 दिसम्बर को वार्षिक महोत्सव धुमधाम से मनाया जाएगा। 46 वें वार्षिक महोत्सव में रंगारंग छत्तीसगढ़ी गीत-संगीत, भजन-संध्या के अलावा विविध प्रतियोगिताएं आकर्षण का केन्द्र रहेगी। जहां छत्तीसगढ़ी गीत-संगीत कार्यक्रम में रंग झरोखा के कलाकार (संचालक दुष्यंत हरमुख, बालोद) श्रद्धालुओं का भरपुर मनोरंजन करेंगे, वहीं लोक गायक व भजन सम्राट नवलदास व अनुसूईया मानिकपुरी भिलाई अपने छत्तीसगढ़ी गीत-संगीत व भजनों की रंगारंग प्रस्तुति देंगे।

महोत्सव के अंतिम दिन 8 दिसम्बर को आम भंडारा (महाप्रसाद) का आयोजन किया गया है। जिसमें महाप्रसाद ग्रहण करने करीब 20 से 25 हजार की संख्या में सांई भक्त जुटते है। जिसके मददेनजर समिति द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। महोत्सव को लेकर सांई मंदिर में विशेष विद्युत साज सज्जा की गई हैं। जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यह बाते सार्वजनिक साई महोत्सव समिति के अध्यक्ष कांत समर्थ एवं सचिव धनेन्द्र सिंह चंदेल ने संयुक्त रूप से कहीं। वार्षिक महोत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रमों की सिलसिलेवार जानकारी देते हुए अध्यक्ष समर्थ व सचिव चंदेल ने बताया कि समिति द्वारा इस वर्ष दत्तात्रेय जयंती के अवसर पर 6, 7 व 8 दिसम्बर को वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया हैं। वार्षिक महोत्सव की शुरूवात 6 दिसम्बर को प्रात: 7 बजे साई बाबा जी के सामूहिक महाअभिषेक के साथ होगी। तत्पश्चात दोपहर 12 बजे सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण, 12.45 बजे साई बाबा लीलामृत का पाठन, 1.30 बजे सत्य सांई भजन मंडली द्वारा भजनों की प्रस्तुति, दोपहर 2 बजे पुजा की थाली सजाओं एवं व्यंजन बनाओं प्रतियोगिता, शाम 6.30 बजे सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। रात्रि 8 बजे छत्तीसढी गीत-संगीत का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया है। महिलाओं के लिए रंगोली एवं सलाद सजाओं प्रतियोगिताओं का आयोजन, शाम 6:30 बजे सामूहिक आरती एवं प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### वसूला 50 हजार से ज्यादा जुर्माना

# प्रतिबंधित प्लास्टिक, सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय करने वालों पर निगम ने दिखाई सख्ती

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई. कचरा फैलाने वाले, प्रतिबंधित प्लास्टिक और सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय करने वालों पर भिलाई निगम ने 50,100 रुपए का जुर्माना लगाया है। नगर पालिक निगम भिलाई के विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिबंधित प्लास्टिक, सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय करने वालों और कचरा फैलाने वालों पर विशेष अभियान के तहत जुर्माना की कार्रवाई की गई है। इसके तहत नेहरू नगर, वैशाली नगर जोन क्षेत्र में अभियान चलाकर दुकानदारों से जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई के दौरान कई बोरी पानी पाउच की जब्ती बनाई गई है।



#### यहां किया जुर्माना

निगम एरिया के दुकानों, स्ट्रीट वेंडर्स का निरीक्षण करते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक को जब्त करते हुए जुर्माना भी वसूल किया गया है। 19 नवंबर को प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक तथा कचरा फैलाने वालों पर 10000 रुपए जुर्माना, 21 नवंबर को 4300 रुपए जुर्माना, 22 नवंबर को 7300 रुपए जुर्माना, 23 नवंबर को 6100 रुपए जुर्माना, 24 नवंबर को 8700 रुपए जुर्माना, 26 नवंबर को 6600 रुपए जुर्माना, 29 नवंबर को 7100 रुपए जुर्माना की कार्रवाई की गई।

#### लोगों से की अपील

प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय नहीं करने लगातार भिलाई निगम नागरिकों से अपील कर रहा है। जब भी घर से सामग्री लेने निकले तो कपड़े से बने थैले आदि को अपने साथ जरूर रखें। प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक को न कहें और भिलाई को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में भिलाई निगम का सहयोग करें।

# उत्साह एवं उमंग के साथ जिला स्तरीय युवा महोत्सव संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोण्डागांव।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में सथानीय स्वामी-आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल जामकोटपारा कोण्डागांव में जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं ने उत्साह एवं उमंग के साथ खेल विधाओं सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों, चित्रकला एवं व्यंजन स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री देवचंद मातलाम और अन्य अतिथियों ने विजयी प्रतिभागियों एवं दलों को पुरस्कृत कर उनका मनोबल बढ़ाया। युवा महोत्सव मे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत लोक नृत्य, लोक गीत, एकांकी नाटक, हारमोनियम वादन, तबला



वादन, बांसुरी वादन, गिटार वादन सहित शास्त्रीय गायन एवं शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। वहीं छत्तीसगढ़ की सुआ, पंथी, करमा, सरहुल, राउत नाचा, एवं बस्तरीय लोक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति समिलित रहे। इसके साथ ही खेल विधाओं में कुश्ती, खो-खो, कब्बडी सहित पारंपरिक खेल विधाएं भंवरा, फुगड़ी एवं गेड़ी दौड़ में प्रतिभागियों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया। छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति पर आधारित चित्रकला एवं छत्तीसगढ़ी व्यंजन स्पर्धा में भी प्रतिभागियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। उक्त सभी स्पर्धा में 15 से 40 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं सहित 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के महिला एवं पुरूष प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस मौके पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित सीईओ जिला पंचायत श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, एसडीएम कोण्डागांव श्री चित्रकांत ठाकुर और अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा स्कूली शिक्षक-शिक्षिकाएं, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं एवं प्रतिभागी युवक-युवतियां मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मधु तिवारी एवं श्री बीरेन्द्र दीवान ने किया।

# असाधारण प्रतिभा के धनी होते हैं दिव्यांगजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकर पटेल के मुख्य आतिथ्य में आज मिनी स्टेडियम रायगढ़ में अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती जानकी काटजू ने की। इस अवसर श्री पटेल ने दिव्यांगों का सम्मान एवं सहायक उपकरणों का वितरण भी किया। जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल ने कहा कि समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में दिव्यांगजनों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से जो प्रतिभा देखने को मिली है वह शायद सामान्य लोगों में भी नहीं होगी। उनकी प्रतिभा का सम्मान आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे दिव्यांग जनों की प्रतिभा को निखारने के लिए आवश्यक कार्ययोजना बना कर कार्य किया जाएगा। शासन हर वर्ग के साथ दिव्यांगजनों को सहायता प्रदान करने के लिए योजनाएं संचालित कर रही है, उनका लाभ लें और आगे बढ़े। दिव्यांगजनों के स्वास्थ्य लाभ के लिए आज मेडिकल बोर्ड द्वारा विशेष कैंप भी लगाया है, उनका लाभ निश्चित ही दिव्यांगो को मिला है। कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत श्री अबिनाश मिश्रा एवं आयुक्त नगर पालिक निगम श्री संबित मिश्रा उपस्थित रहे।























## खास खबर



### पिकअप ने इनोवा को मारी टक्कर 4 घायल

**कोरबा (ए)।** एसईसीएल विश्रामपुर में कार्यरत कर्मचारियों को लेकर कोतमा आ रही इनोवा को अंबिकापुर के पास पिकअप ने टक्कर मार दी। घटना में 4 एसईसीएल कर्मी घायल हो गए। बताया गया कि कोतमा में एसईसीएल इंटर एरिया क्रिकेट टूर्नामेंट हो रहा है। जहां विश्रामपुर का मुकाबला दीपका से होना है। इनोवा नंबर सीजी 15-एई -4555 से विश्रामपुर टीम के सदस्य कोतमा आ रहे थे। तभी अंबिकापुर से सब्जी मंडी जा रही पिकअप नंबर एमपी 18-क्यूए-1386 ने इनोवा को टक्कर मार दी। पिकअप रोड के आगे एक घर के पास पलट गई। इनोवा में बैठे रंजीत मिश्रा की स्थिति गंभीर होने से उन्हें अपोलो बिलासपुर रेफर किया गया है। अजय नायर, भुन्नु स्वाई व एक अन्य का कोतमा अस्पताल में इलाज किया गया है।

### युवक ने प्राचार्य को हंसिया से किया हमला, मामला दर्ज

**कोरबा (ए)।** एक हाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य को गांव के युवक को नशा न करने की समझाइश देना भारी पड़ गया। युवक ने पहले गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए हंसिया लेकर दौड़ाया। विनय कुमार सिंह तंवर गोपालपुर हाई स्कूल में प्रभारी प्राचार्य हैं, जो रोजाना की तरह वे अपने घर स्याहीमुड़ी से अपने स्कूल जा रहे थे।

इस दौरान रास्ते में थोड़ी दूर आगे रेवा सिंह नशा करके खड़ा था, जिसे प्रभारी प्राचार्य विनय कुमार ने पहले नशा नहीं करने की समझाइश देते हुए नशाखोरी करने से मना किया था। इस बात पर रेवा आक्रोशित था। उसने शुक्रवार को प्रभारी प्राचार्य विनय कुमार से गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। उसने हाथ में हंसिया रखा था, जिसे लेकर उन्हें मारने दौड़ाया। इस दौरान उन पर हमला भी कर दिया, जिससे प्राचार्य घायल हो गए। घटना की रिपोर्ट पर दर्री थाना में आरोपी रेव सिंह के खिलाफकेस दर्ज कर लिया गया है।

### बाइक बेकाबू होकर पेड़ से टकराई, 1 की मौत

**कोरबा (ए)।** प्रदेश में सड़क दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। कटघोरा-पसान मार्ग पर लैंगा घाट के पास सड़क के गड्ढे से बाइक बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई। घटना में ड्यूटी जा रहे अस्पताल कर्मी की मौत हो गई। कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दैवेभो कर्मचारी के रूप में रवि गुप्ता कार्यरत था, जो किसी काम से पसान की ओर गया था। यहां से उसी दिन देर शाम वह वापस कटघोरा व्हाया कसनिया रोड से लौट रहा था। इस दौरान लैंगा घाट के पास लहंगा-बहरा मोड पर उसकी बाइक सड़क पर बने गड्ढे में उछल गई, जिससे बाइक बेकाबू होकर सड़क से उतरकर नीचे पेड़ पर टकरा गई। घटनास्थल पर ही रवि गुप्ता की मौत हो गई।

### नाबालिग लड़का घर से हुआ गायब, पुलिस ने दर्ज किया मामला

**रायपुर (ए)।** राजधानी में एक 17 साल का नाबालिग युवक घर से गायब हो गया है। मामला गुढ़ियारी थाना क्षेत्र का है। लापता युवक के पिता ने थाना पहुंचकर इसकी शिकायत दर्ज कराई है। प्रार्थी ने कहा कि को अज्ञात व्यक्ति उनके नाबालिग लड़के का अपहरण कर कहीं ले गया है। पुलिस ने धारा 363 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और लापता युवक की तलाश में जुट गई है।

# एसपी से आरोपी को लेकर आ रही सीजी पुलिस की गाड़ी पलटी, ड्राइवर की मौत, 5 पुलिसकर्मी घायल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**मनेंद्रगढ़।** आरोपी को पकडने दूसरे राज्य में गई छत्तीसगढ़ पुलिस की गाड़ी पलटने से बड़ा हादसा हो गया। इस सड़क दुर्घटना में वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पांच पुलिसकर्मियों सहित छह लोग घायल हो गए हैं। दुर्घटना मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले के भेड़ाघाट के पास शनिवार तड़के हुई। मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त वाहन में सीजी की मनेंद्रगढ़ पुलिस सवार थी। फिलहाल घायलों का जबलपुर मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। घायल एक एएसआई की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है।



मनेंद्रगढ़ पुलिस एक आरोपी को लेकर मध्यप्रदेश के नीमच से वापस आ रही थी। जबलपुर में भेड़ाघाट के पास शनिवार तड़के 4 बजे ड्राइवर आकाश राजवाड़े को झपकी लग गई। जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। हादसे में वाहन चालक आकाश राजवाड़े की मौके पर मौत हो गई।

### यह थे वाहन में सवार

वाहन में आरोपी राकेश कुमार तमर के साथ मनेंद्रगढ़ सिटी कोतवाली प्रभारी सचिन सिंह, एएसआई दिनेश चौहान, प्रधान आरक्षक इश्तियाक खान, आरक्षक प्रमोद यादव और आरक्षक जितेंद्र ठाकुर सवार थे। मनेंद्रगढ़ एसपी टीआर कोशिमा ने जबलपुर पुलिस ने घटना और घायलों के हालत के बारे में जानकारी ली है। मनेंद्रगढ़ पुलिस लगातार जबलपुर पुलिस के संपर्क में है।



### अंजोरा में बड़ा कार हादसा, एक की मौत, तीन घायल, रायपुर रेफर

**दुर्ग।** अंजोरा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार शाम को बड़ा हादसा हो गया है। तेज रफ्तार कार हादसे का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कार सड़क पर पलटी खाते हुए दूर तक जा गिरी। हादसा इतना जोरदार था कि इसमें एक युवक की मौत हो गई है और तीन लोग घायल हैं। हादसे के कारण कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में घायल तीनों को रायपुर रेफर करने की जानकारी मिल रही है।

## पावर हाउस से लापता बच्चा मुंबई में मिला 3.50 लाख रुपए लेकर भागा था नाबालिग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** साढ़े तीन लाख रुपए के साथ पावर हाउस बस स्टैंड से रहस्यमय ढंग से लापता बच्चा मुंबई में मिल गया है। मुंबई रेलवे स्टेशन पर आरपीएफव जीआरपी की मदद से उसे पकड़ा गया है। बच्चे का पता चलने के बाद छावनी पुलिस की एक टीम उसे लेने मुंबई के लिए रवाना हो गई है। नाबालिग के वापस लौटने के बाद इसकी विस्तृत जानकारी मिल पाएगी।



बता दें जवाहर नगर निवासी नैना साहू (19) ने 30 नवंबर को सुबह 11 बजे अपनी स्कूटी से छोटे भाई फानेश्वर साहू (15) को 3 लाख 50 हजार रुपए देकर मम्मी-पापा के पास नवागढ़ जाने के लिए पावर हाउस बस स्टेण्ड छोड़ा था। शाम को नैना साहू के पापा का फोन आया कि फानेश्वर अभी तक घर नहीं पहुंचा है। इसके बाद वह पावर हाउस बस स्टेण्ड पहुंची और आसपास काफी तलाश के बाद भी भाई का कुछ पता नहीं चला। इसके बाद युवती ने छावनी थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई। छावनी पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज कर लापता बच्चे की तलाश कर रही थी।

इधर लापता बच्चे की जानकारी सभी थानों के साथ ही रेलवे पुलिस को भी दिया गया था। इस बीच फनेश्वर साहू मुंबई रेलवे स्टेशन पर मिला। जीआरपी ने उसकी पहचान कर छावनी पुलिस को सूचना दी। नाबालिग के बैग में 2,70,500/- (दो लाख सत्तर हजार पांच सौ रुपए) व 3 मोबाइल मिले है। बच्चे को फिलहाल सीडब्ल्यूसी को सौंप दिया गया है। फिलहाल छावनी पुलिस की एक टीम मुंबई के लिए रवाना हुई है। संभवत: सोमवार को बच्चे का हैंडओवर लेने के बाद टीम भिलाई लौटी।

## महिला बाल विकास विभाग के बाबू की करंट लगने से मौत



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** बाथरूम में नहाने घुसे महिला बाल विकास विभाग के एक बाबू की करंट लगने से मौत हो गई है। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक सारंगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कुरहा निवासी चंद्रहास चौरंगे पिता रामरतन चौरंगे 45 साल रायगढ़ में महिला बाल विकास विभाग में ग्रेड 2 बाबू के पद पर पदस्थ थे। मृतक जूटमिल चौकी क्षेत्र के राजीवगांधी नगर वार्ड क्रमांक 36 में मकान बनाकर अकेला रहता था।

### टंकी ओवर फ्लो होने पर पड़ोसियों ने बुलाया पुलिस

पुलिस ने बताया कि गुरुवार को मृतक सुबह नहाने के लिए अपने बाथरूम में गया और बोर चालू कर नहा रहा था। इस दौरान दोपहर करीब 12 बजे के आसपास सरकारी विभाग के कर्मचारी के घर की टंकी का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर बहते देख आसपास के लोगों ने उसे अवगत कराने के लिए उसके घर गए और काफी आवाज लगाए, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। देर शाम तक जब कर्मचारी अपने घर से बाहर नहीं आया तो लोगों को अनहोनी का शक हुआ और उन्होंने सूचना पुलिस को दी।

### बाथरूम के फर्श पर पड़ा था मृतक

पुलिस ने बताया कि गुरुवार देर शाम जब मृतक के घर पहुंचे तो वह बाथरूम के फर्श पर पड़ा हुआ मिला। बाथरूम में नहाते वक्त वह करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने घटना की सूचना बिजली विभाग को देते हुए पहले लाईन कटवाई गई, फिर अंदर प्रवेश कर जांच किया तो पता चला कि नहाने के दौरान पैर फिसलने से गिरते समय करंट प्रवाहित तार मृतक के हाथ में आ गया था। जिसकी चपेट में आने से उसकी मौत हुई है। वहीं चौकी पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई को पूरा किया।

## एक्सिस बैंक एटीएम के सामने गोली चलने से मचा हड़कंप, गार्ड घायल



श्रीकंचनपथ न्यूज

**मुंगेली (ए)।** यहां के एक एसबीआई ब्रांच के बाहर एक्सिस बैंक के एटीम के पास फायरिंग होने से हड़कंप मच गया। एटीएम में रुपए डालने आए सीएमएस कंपनी के कर्मचारियों के साथ पहुंचे गार्ड के हाथों यह फायर हुआ उसी के हाथों में लगा। गोली लगने से गार्ड घायल हो गया है उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मिली जानकारी के अनुसार यह घटना मुंगेली के बड़ा बाजार इलाके की है। यहां के एक्सिस बैंक एटीएम में शनिवार को कैश डालने के लिए CMS कंपनी के कर्मचारी पहुंचे। उनके साथ एक्सिस बैंक का गार्ड अशोक टंडन (55) अपनी लाइसेंसी रायफल के साथ मौजूद था। इधर कंपनी के कर्मचारी एटीएम में रुपए डालने में व्यस्त थे और अचानक फायरिंग हो गई। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास अफरा तफरी मच गई।

आवाज दिशा में पहुंचे तो गार्ड अशोक टंडक के हाथों से खून बह रहा था। गोली अशोक टंडन की रायफल से चली और उसी के हाथ में लगी जिससे उसके हाथ जख्मी हो गए। इसके बाद आनन फानन में गार्ड को अस्पताल ले जाया गया। गार्ड ने बताया कि गलती से रायफल से फायरिंग हो गई थी। उसने बताया कि रायफल लॉक नहीं होने के कारण यह हादसा हुआ। गनीमत यह रही कि गोली हाथ में लगी वरना कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

## नशीला पदार्थ पिलाकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी सहित दो महिलाएं गिरफ्तार



**बिलासपुर (ए)।** शहर में सरकंडा थाना की पुलिस ने नाबालिग को नशीली दवा पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में मुख्य आरोपी सहित दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। महिलाओं ने नाबालिग को भगा कर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी युवक का सहयोग किया। पीड़िता की मां ने इसकी शिकायत पुलिस से की थी जिसके बाद मामले में जुर्म दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी शुरू की गई। सभी लोखंडी के मकान में उस नाबालिग लड़की के साथ पकड़े गए, जिसके बाद ही कार्रवाई हुई है।

दो जिन महिलाओं के घर में आरोपी और नाबालिग को रखने में सहयोग दिया गया, उनमें सरिता डेविड पति स्व. विनय डेविड उम्र 36 साल, कुमारी बिपाशा डेविड शामिल है। इनके ही निवास स्थान पर चांटीडीह में रहने वाला मोहम्मद सिराज पिता लाल मोहम्मद ने उस नाबालिग को नशीली दवा पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। मामले में 363, 366 ए, 328, 342, 376, 34 भादवि 04,06 पॉक्सो एक्ट के तहत कारवाई हुई है।

## पिता की मौत से दुःखी बेटा ट्रेन के सामने कूदा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** पिता की मौत से दुःखी 17 साल के नाबालिग बेटे ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। पहले पिता और फिर जवान बेटे की मौत से पूरा परिवार सदमे में है। यह घटना सोमनी थाना क्षेत्र के टेड़ेसरा की है। पुलिस ने बताया कि

टेडेसरा निवासी 17 वर्षीय रविकुमार साहू ने पिता की मौत के सदमे में ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी। मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।



पुलिस ने बताया कि टेड़ेसरा निवासी रविकुमार का मुढ़ीपार-जोरतराई के बीच दुर्ग-राजनांदगांव ट्रेक पर खंबा नंबर 879 के पास शव बरामद किया गया था।

मृतक रविकुमार के परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार पिता हेमलाल की अचानक मौत के बाद से रविकुमार सदमे में था। वह कई दिनों से गुमशुम रहता था। पुलिस का कहना है कि सदमे की वजह से रविकुमार द्वारा आत्महत्या करने की आशंका जताई जा रही है। मृतक रविकुमार अकेला भाई था और उसकी तीन बहनें हैं। रविकुमार की खुदकुशी के बाद परिवार में कोई भी पुरुष नहीं है। पिता की मौत के 10 दिन बाद पुत्र की मौत से परिवार भी सदमे में है।

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

# सड़क जैसी परिस्थितियों में रह रहे बच्चों का हो रहा चिन्हांकन जरूरत के दृष्टिकोण से उपलब्ध कराई जाएगी सुविधा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के निर्देशानुसार ज़िले के समस्त नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतों में सड़क जैसी परिस्थितियों में रहने वाले बालकों का सर्वे सघन रूप से किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन ने बताया कि सर्वे के इस कार्य में महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ साथ नगरीयनिकायों, श्रम विभाग, पुलिस विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई तथा चाइल्ड लाइन के कर्मचारी लगातार स्लम बस्तियों एवं चौक चौराहों पर जाकर ऐसे बच्चों की पहचान एवं चिन्हांकन कर रहे हैं।



उल्लेखनीय है कि किशोर न्याय अधिनियम 2015 के प्रावधानों के तहत सड़क जैसी परिस्थितियों में रहने वाले बालकों के पुनर्वास हेतु समुचित प्रावधान किए गए हैं । इन प्रावधानों के तहत ऐसे बालकों को, जिनके माता पिता नहीं है अथवा जिनके माता पिता अपने बालकों का समुचित रूप से लालन पालन करने में सक्षम नहीं है ऐसे बालकों के लिए विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत आर्थिक सहायता एवं अन्य सहयोग प्रदान किया जाता है। सर्वे का यह कार्य सम्पूर्ण ज़िले में निरंतर जारी है। इसी के तहत आज जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री विपिन जैन ने भी टीम के साथ रेलवे स्टेशन एवं आस पास के क्षेत्रों का सर्वे किया तथा ऐसे परिवारों से मुलाक़ात कर उन्हें किशोर न्याय अधिनियम के तहत दी जाने वाली सहायता संबंधी प्रावधानों से अवगत कराया। टीम के साथ श्रीमती रचिता नायडू परियोजना अधिकारी दुर्ग शहर, संबंधित सेक्टर की पर्यवेक्षक तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं भी उपस्थित थी। उपरोक्त कार्यक्रम के तहत आज भिलाई नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों तथा दुर्ग नगर निगम के साईं मंदिर नेहरू नगर चौक शीतला मंदिर सहित विभिन्न स्लम बस्तियों में जाकर टीम के द्वारा सर्वे का कार्य किया गया। उल्लेखनीय है कि ऐसी परिस्थिति में रह रहे बच्चों का की जरूरतों के अनुसार उन्हें सुविधाएं उपलब्ध की जाएंगी।

## 4320 युवाओं ने अग्निवीर बनने दिखाया कौशल

**दुर्ग।** सेना भर्ती रैली में युवाओं का अपूर्व उत्साह दुर्ग जिले में दिख रहा है। सेना भर्ती स्थल के पास बड़ी संख्या में युवा अपना कौशल दिखाने पहुंच रहे हैं। सेना भर्ती में आज 6167 युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था इसमें 4320 युवा भर्ती रैली में भाग लेने पहुंचे। उल्लेखनीय है कि इन युवाओं के रूकने और भोजन की व्यवस्था प्रशासन द्वारा कराई गई है और सारी व्यवस्थाओं की निरंतर मानिटरिंग कराई जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपसंचालक जनशक्ति नियोजन श्री राजकुमार कुर्रे ने बताया कि कंट्रोल रूम के माध्यम से युवाओं की सभी जिज्ञासाओं का समाधान किया जा रहा है। नोडल अधिकारी लगातार स्थिति की मानिटरिंग में लगे हुए हैं। जहां भी किसी तरह की दिक्कत होती है समाधान के लिए तुरंत निर्देशित किया जाता है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री पुष्पेंद्र कुमार मीणा नियमित रूप से सेना भर्ती स्थल में पहुंच कर सुविधाओं का जायजा ले रहे हैं और नोडल अधिकारियों से लगातार व्यवस्था की जानकारी ले रहे हैं। 1 दिसंबर से 8 दिसंबर तक होने वाली भर्ती का विवरण इस तरह है। 4 दिसंबर को बिलासपुर, कोंडागांव, कोरिया, रायगढ़, 5 दिसंबर को बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, सुकमा, गरियाबंद, कबीरधाम, कोरबा, जशपुर, राजनांदगांव, 6 दिसंबर को धमतरी, जीपीएम जिला हिस्सा लेंगे।

## खास - खबर

### सदस्यता अभियान के अंतर्गत चेम्बर टीम ने सुपेला एवं सेक्टर -6 के बाजारों का दौरा किया

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज भिलाई इकाई द्वारा चलाये जा रहे सदस्यता अभियान के अंतर्गत चेम्बर टीम ने सुपेला एवं सेक्टर -6 के बाजारों का दौरा किया। इस अभियान के माध्यम से चेम्बर के पदाधिकारी सभी व्यापारियों से रूबरू हुये और उनकी समस्याएं जानी। इस दौरान चेम्बर प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने व्यापारियों के साथ चर्चा कर समस्याओं के निराकरण का प्रयास करने का आश्वासन दिया। इसी कड़ी में आज जी.एस.टी. स्टेट निवारण समिति में चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के सदस्य मनोनीत होने पर उनसे व्यापारियों के हित में राय एवं सुझाव मांगे गये। ये भिलाई चेम्बर के लिए बहुत गर्व की बात है जिन व्यापारियों ने चेम्बर ऑफ कामर्स की सदस्यता के लिए भी अपनी विशेष रूचि दिखाई, उन सभी लोगों को चेम्बर की ओर से नई सदस्यता के प्रमाण पत्र वितरण किये जा रहे है। इस अभियान में भिलाई चेम्बर की सभी इकाईयों ने प्रमुख रूप से अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज के इस दौरे में चेम्बर की ओर से प्रमुख रूप से नरेश वासवानी, उत्तम जैन, विनय सिंह, सुधाकर शुक्ला, राकेश मल्होत्रा, प्रकाश माखीजा, राहुल चेलानी, विनोद प्रसाद, मनोज बक्त्यानी, अंकित जैन, राम ओबराय, हरिश शर्मा, सुनील मिश्रा उपस्थित थे।

### योग एवं उच्च संस्कार का हुआ सिंचन

**दुर्ग।** युवा सेवा संघ कातरो जिला दुर्ग द्वारा हाई सेकेंडरी स्कूल कातरो में संत श्री आसाराम जी बापू की संघ शक्ति द्वारा स्कूल के बच्चों को योगासन, प्राणायाम कराये व उच्च संस्कार हेतु सन्तान संस्कृति में सूर्य नमस्कार करे साथ मे तुलसी की महिमा को बताये गये,घर घर तुलसी का पूजन 25 दिसंबर को करे और तुलसी के पत्ते खाये तुलसी खाने से याद शक्ति में गजब का फायदा होते है,हमारी संस्कृति में तिलक लगाने का भी विषेस महत्व है तिलक लगाने से हमारे मस्तिष्क के पिनियल ग्रंथी विकसित होती है जिससे हम विकास की ओर हम आगे बढ़ते है अत: सभी बच्चों को तिलक जरूर करना चाहिए।उक्त जानकारी युवा सेवा संघ भिलाई दुर्ग के ओमप्रकाश साहू ने दी।

### पानी टंकी का वाल्व खराब होने के कारण सुबह पानी सप्लाई बंद रहेगी

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम जलकार्य विभाग के अधिकारी द्वारा जानकारी में बताया गया कि पद्मनाभपुर पानी टंकी का अचानक आई तकनीकी वाल्व में खराबी होने के कारण आज शाम से दिनांक 3 दिसम्बर व कल सुबह दिनाँक 4 दिसम्बर को पानी सप्लाई प्रभावित रहेगी।पद्मनाभपुर पानी टंकी के वॉल्व के मेंटेनेंस के काम की वजह से रविवार को सुबह पानी की सप्लाई इन वार्डो में पूरी तरह बंद रहेगी.इन वार्डो में रहेगा पानी सप्लाई प्रभावित वार्ड क्रमांक 41,42,43,44,45 और 46 में सुबह प्रभावित रहेगा।वाल्व बनाने का कार्य निरन्तर जारी रखा गया है। महापौर धीरज बाकलीवाल और प्रशिक्षु आयुक्त आईएएस लक्ष्मण तिवारी और जल कार्य प्रभारी संजय कोहले ने प्रभावित क्षेत्र के नागरिकों को होने वाली असुविधा के लिए खेद जताया है।

## रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल में शिरोमणि पुरस्कार समारोह

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के शिरोमणि पुरस्कार योजना के तहत उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय कार्य निष्पादन के लिए संयंत्र के आरएसएम विभाग के शिपिंग इन्चार्ज पी रवि तथा मास्टर ओसीटी शिव प्रसाद देवांगन को अक्टूबर माह के कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य महाप्रबंधक (आरएसएम एवं आरटीएस) तीर्थंकर दस्तीदार ने पुरस्कृत कार्मिकों को स्मृती चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, उनके जीवनसाथी को प्रशंसा पत्र तथा एक मिठाई का कूपन देकर सम्मानित किया। शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित होने वाले सभी कर्मियों को बधाई देते हुए उनके कार्य के प्रति कर्मठ योगदान की प्रशंसा की। समारोह में पंकज पूरी सेनगुप्ता सुजय सिंह एवं अन्य अधिकारीगण तथा कार्मिक उपस्थित थे। कर्म शिरोमणि का मुख्य उद्धेश्य अपने कार्यस्थल में नवीनता, बेहतर संसाधनों का उपयोग एवं संगठनात्मक उद्देश्यों को पूरा करने, सुरक्षा के मानक मापदण्डों के साथ विभाग में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले कर्मठ एवं सृजनशील कार्मिको को विशेष पहचान प्रदान कर सम्मानित करना है।

# सड़क के लिए गृह मंत्री ने दिलाया 5 करोड़, रुआबांधा से पुरैना तक के सड़कों पर नही खाने पड़ेंगे हिचकोले

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली ।** दुर्ग ग्रामीण के विधायक और लोकनिर्माण विभाग मंत्री ताम्रध्वज साहू ने रिसाली निगम के बदहाल सड़को को सवारने प्रयास किया है। बीटी रोड ( डामरीकरण) मरम्मत के लिए 5 करोड़ स्वीकृत किया है। इस राशि से निगम क्षेत्र के सभी बीटी रोड का संधारण किया जाएगा।

रिसाली निगम क्षेत्र के गली कूचों की सड़कों को बनाने के बाद क्षेत्रीय विधायक ने मुख्य सड़कों को सवारने राशि स्वीकृत कराई है। उन्होंने सभी जीर्ण शीर्ण बीटी रोड को नए सिरे से पेच वर्ग करने राशि उपलब्ध कराई है। आयुक्त ने बताया कि निगम के प्रस्ताव को स्वीकृति मिल गई है। टेंडर कार्य की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। पुरैना से रुआबाँधा तक के सड़कों का पेच कार्य शीघ्र पूरा किया जाएगा।

### इन क्षेत्र में खर्च होगा 5 करोड़



वार्ड 2 पंथी चौक से झिरिया तालाब तक 28 . 88 लाख , झिरिया तालाब से एनेसपीसीएल मोड़ तक 28 .88 , वार्ड 14 कल्याणी मंदिर से बीआरपी चौक व वार्ड 12 मैत्री गार्डन रोड 5.19, वार्ड 22 आशीर्वाद भवन सीनेसपीसीएल बस स्टॉप तक 28.34 , मिश्रा घर से मार्केट तक व ज्योति आटा चक्की सौम्या ब्यूटी पार्लर तक 24 .80 , डेस्टिनेशन अपार्टमेंट के चारो ओर व सड़क 5 व 6 – 24.77 , वार्ड 23 सड़क 19 –5.43 , वार्ड 24 सड़क 4 आजाद मार्केट 9.50 , वार्ड 25 आशीष नगर साहू फैंसी के सामने 23.63 , वार्ड 25 सड़क 21 में 5.40, आशीष नगर रामगोपाल मार्ग 13.05, वार्ड 26अवधपुरी चन्द्राकर ट्रेडर्स से हनुमान मंदिर 42.99, वार्ड 27 संगम डेयरी मार्ग 23.76, वार्ड 28 आशीष नगर पूर्व 27.85 , वार्ड 28 जल तरंग बार से सड़क 3 तक 26.63, वार्ड 29शिवाजी चौक से धनोरा रोड फाटक तक 32.02, वार्ड 30 इस्पात नगर राम मंदिर से साई मंदिर के बाजू 23.63 , हवेलीराम निवास से गौटिया घर तक 7.14 , वार्ड 32 नेवई भाटा रेड्डी क्लिनिक से दीक्षा स्कूल 9.64 , वार्ड 35 डुडेरा सियाराम चक्रधारी से नरेश व देवलाल यादव घर से चुरामन साहू तक 32.74 , वार्ड 36 डिकेन्द्र यादव घर से गार्डन तक 12.02, वार्ड 37 जोरा तराई अशोक घर से अरुण सिंह घर तक व सुलभ से स्कूल तक 6.87 , वार्ड 38 स्टोर पारा राजेन्द्र घर से पार्वती बाघ घर तक 11.67 और वार्ड 40 बस्ती हास्पीटल से वार्ड 38 शिव मंदिर तक 48.17 लाख खर्च की जाएगी।

# सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र और एल्मिको के सहयोग से 86 दिव्यांगजनों को आवश्यक उपकरण वितरित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के रावघाट लौह अयस्क खदान क्षेत्र में विगत दिनों आयोजित नि:शुल्क परीक्षण शिविर में चयनित दिव्यांगजनों को आज विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर 03 दिसम्बर 2022 को ग्राम पंचायत माहका खेल मैदान, नारायणपुर में सहायक उपकरणों का वितरण किया गया।




इस शिविर में चिन्हांकित 126 दिव्यांगजनों को 340 आवश्यक सहायक उपकरण प्रदान किया जाना था। जिसमें से 86 दिव्यांगजनों ने सहायक उपकरण प्राप्त किये। आज इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती श्यामवति रजनु नेताम एवं विशेष अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष, नारायणपुर श्रीमती सुनिता मांझी और समाज कल्याण विभाग, नारायणपुर के उप संचालक विक्रम बहादुर, भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक एस षिवराजन और सहायक महाप्रबंधक सचिन रंगारी, वरिष्ठ प्रबंधक सुषील कामड़े विषेष रूप से उपस्थित थे। यह आयोजन भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत भारत सरकार का एक मिनीरत्न सार्वजनिक उपक्रम 'भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम' और समाज कल्याण विभाग, नारायणपुर, जिला निर्वाचन कार्यालय, सर्व षिक्षा अभियान के सहयोग से किया गया।

इस आयोजन में कस्तुरबा गांधी विद्यालय बालिका आश्रम, बंगला पारा प्राथमिक शाला, मानसिक मंदबुद्धि विद्यालय, सुलेंगा, प्राथमिक शाला, सुलेंगा, कन्या आश्रम शाला, डुंगा के विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विदित हो कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के रावघाट लौह अयस्क खदान परियोजना क्षेत्र के नारायणपुर जिले में 17 से 19 अक्टूबर, 2022 तक दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को सहायक उपकरणों के वितरण हेतु नि:षुल्क परीक्षण शिविर का आयोजन वनांचल क्षेत्र खोड़गांव एवं नारायणपुर जिला अस्पताल में किया गया था। इस षिविर में 126 दिव्यांगजनों और वृद्धजनों को चिन्हांकित किया गया था और एल्मिको के सहयोग से इन्हें आवष्यक उपकरण तैयार कर प्रदान किए गए। आज इस समारोह में चिन्हांकित 126 में से 86 लाभान्वितों ने उपकरण प्राप्त किए।

## एम्स की अखिल भारतीय परीक्षा में देशभर में अव्वल रहे भिलाई के डॉ. उत्कर्ष

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) द्वारा आयोजित चिकित्सा शिक्षा की सुपर स्पेशलाइजेशन प्रवेश परीक्षा में इस्पात नगरी भिलाई के प्रतिभावान युवा चिकित्सक डॉ. उत्कर्ष ने देश भर में प्रथम स्थान हासिल किया है। डॉक्टर उत्कर्ष ने अपनी सफलता के बारे में बताते हुए कहा कि लक्ष्य तय कर ले और उसे पाने के लिए कड़ी मेहनत करें, तो आपको सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। उल्लेखनीय है कि एम्स द्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ नेशनल इंपॉर्टेंस सुपर स्पेशलाइजेशन (आईएनआईएएस) परीक्षा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाती है, जिसके माध्यम से देश भर के एम्स ,पुडुचेरी स्थित जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (जिपमर) और चंडीगढ़ के पीजीआई मेडिकल कॉलेज में विषय विशेषज्ञता की डीएम, एमसीएच की डिग्री पाने के लिए प्रवेश मिलता है। इस प्रवेश परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर डॉ. उत्कर्ष ने प्रथम स्थान हासिल कर न सिर्फदुर्ग-भिलाई बल्कि समूचे छत्तीसगढ़ अंचल का गौरव बढाया है। डॉक्टर उत्कर्ष अब लेप्रोस्कोपिक रोबोटिक और एंडोस्कोपिक सर्जरी में महारत हासिल करेंगे।

# अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांग जनों का सम्मान एवं जरूरत की सामग्री वितरण किया गया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** हर साल 3 दिसंबर को दुनियाभर में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया जाता है, दुर्ग में भी अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर जन समर्पण सेवा संस्था एवं जवाहर नगर महिला स्व-सहायता समूह, दुर्ग-भिलाई के सयुक्त तत्वावधान में बाल उद्यान, नेहरू नगर भिलाई में दिव्यांग जनों का सम्मान एवं उन्हें जरूरत की सामग्री वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों के बारे में लोगों की जागरूकता बढ़ाने और उनके सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए जागरूक किया गया।



कार्यक्रम में सबसे पहले उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया, एवं उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया, कार्यक्रम में कमलेश कुमार पटेल उपसंचालक समाज कल्याण विभाग दुर्ग, राजकुमार गुप्ता, संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा बंटी, स्व. समूह के अध्यक्ष शान्त कुमार देठे विशेष रूप से उपस्थित थे. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जन समर्पण सेवा संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा बंटी ने कहा कि हमारे समाज में रहने वाले विकलाँग (दिव्यांग) जनों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने एवं मानवीय गरिमा के साथ जीने के अधिकार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिवर्ष विश्व विकलांग दिवस मनाया जाता है। इस दिवस के माध्यम से सभी नागरिकों को विकलांग जनों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करने एवं विकलांग जनों को समाज की मुख्य धारा में शामिल करके उन्हें विभिन अधिकार प्रदान करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। राजकुमार गुप्ता ने कहा कि इस दिन को मुख्य रूप से दिव्यागजनों के प्रति लोगों के व्यवहार में बदलाव लाने और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए मनाया जाता है. समाज कल्याण विभाग उपसंचालक कमलेश पटेल ने कार्यक्रम में दिव्यांग जनों को दिव्यांगजन अधिनियम की पूरी जानकारी दी एवं समाज कल्याण विभाग की योजनाओं के बारे में भी बताया गया कार्यक्रम में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों से लगभग 150 दिव्यांग जन उपस्थित हुए जिसमें मुख्य रूप से भिलाई, दुर्ग, बेमेतरा, पाटन, अर्जुन्दा, साजा, बालोद, अहिवारा, धमधा के दिव्यांग जन उपस्थित हुए। इस अवसर पर दिव्यांग होते हुए भी पुरे देश एवं प्रदेश में दुर्ग जिले का नाम पूरे रोशन करने वाले दिव्यांगजनों को सम्मानित भी किया गया, जिसमें अश्वन कुमार सोनवानी, देवा यादव, कु. संगीता, अनिल कुमार, ललिता ढीमर, सचिन जैन, शिबू खान, का मोमेंटो देकर सम्मान किया गया कार्यक्रम में जन समर्पण सेवा संस्था दुर्ग द्वारा इस अलग अलग क्षेत्रो से आये हुए सभी दिव्यांग जनोँ को कम्बल वितरण किया गया।

जवाहर नगर महिला स्व-सहायता समूह, दुर्ग-भिलाई द्वारा सभी दिव्यांग जनोँ को बैठाकर भोजन कराया गया. इस आयोजन में शिशु शुक्ल, सुषमा रानी, कमरून निशा, एम. राधिका, आशीष मेश्राम, कविता वर्मा, प्रकाश कश्यप, सावित्री देवांगन, शांति निषाद, राजेन्द्र ताम्रकार, हरीश ढीमर, एवं सैकड़ो आम नागरिक, संस्था के सदस्य एवं दिव्यांग ज़न उपस्थित थे।

## आरक्षण बढ़ाने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त कर मिठाई बांटी गई

**भिलाई ।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने अनु जाति, अनु जनजाति,पिछड़ा वर्ग ,कम आय वर्ग के लोगो को आरक्षण का लाभ देने मुख्यमंत्री एवम कैबिनेट मंत्रियों ने विधानसभा में देर रात ऐतिहासिक एवं साहसिक निर्णय लेते हुए विधान सभा मे विधेयक को पास कर राज्य के लोगो को 13 प्रतिशत आरक्षण बढ़ाने का प्रस्ताव को मंजूर कर दिया गया। प्रदेश काँग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ,जिला काँग्रेस कमेटी भिलाई के अध्यक्ष मुकेश चन्द्राकर जी के निर्देश पर ब्लॉक काँग्रेस कमेटी सुपेला कोसानगर के अध्यक्ष नंदकुमार कशयप के नेतृत्व में डॉ राजेंद्र प्रसाद चौक फरीद नगर सुपेला कोहका में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आरक्षण बढ़ाने को लेकर मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त कर फटका फोड़ कर मिठाई बांटी गई । ज्ञात हो कि राज्य में अनु जाति, अनु जनजाति, पिछड़ा वर्ग,कम आय वर्ग के लोगो को आर्थिक एवं शिक्षा के क्षेत्र में उचित स्थान देने आरक्षण को बढ़ाया गया है।

### जिला प्रशासन एवं जिला शिक्षा विभाग की अभिनव पहल जिज्ञासा

# विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक भ्रमण के दौरान पेयजल शुद्धिकरण संयंत्र का भ्रमण



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम। जिला प्रशासन एवं जिला शिक्षा विभाग दुर्ग द्वारा अभिनव पहल जिज्ञासा अंतर्गत स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के 90 विद्यार्थियों द्वारा नगर निगम के साइंस कॉलेज के सामने स्थित पेय जल शुद्धिकरण संयंत्र 42 एमएलडी और 24 एमएलडी संयंत्र का भ्रमण किया गया कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा की पहल पर एवं नगर निगम प्रशिक्षु आयुक्त आईएएस लक्ष्मण तिवारी के निर्देश पर यह कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है।

जिसके अंतर्गत प्रति शनिवार को अलग-अलग चयनित स्थानों का बच्चों को भ्रमण कराया जाएगा कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में उनकी बौद्धिक चेतना का विस्तार करना है, इस भ्रमण कार्यक्रम से बच्चों में चेतना भी आएगी एवं कार्यालय के क्रियाकलापों की जानकारी होगी। भ्रमण के दौरान बच्चों में खुशी स्पष्ट झलक रही थी बच्चे काफी उत्साहित थे जिज्ञासा के माध्यम से बच्चों की जिज्ञासा पूरी होगी।बच्चों ने बड़ी गंभीरता के साथ पेयजल शुद्धीकरण संयंत्र को देखा कि किस प्रकार पानी की सप्लाई की जाती है तथा पानी की शुद्धता कैसे की जाती है इस संबंध में बच्चों को अधिकारियों ने भी जानकारी दी।इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आर एन वर्मा ने स्कूल परिसर में हरी झंडी दिखाकर बच्चो को रवाना किया। पार्षद मीना सिंह,सहायक अभियंता आरके जैन, उप अभियंता भीमराव, अभ्युदय मिश्रा, प्राचार्या श्रीमती शेफाली वर्मा एवं शिक्षिका सुकृता भुवाल उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950